प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी



कांग्रेस और छोटे दलों की सक्रियता ममता के लिए बन सकती है चुनौती पेज- 2

www.newswani.in

पेज-6 ई-रिक्शा की डिग्गी तोड़कर चोरी करने वाला शातिर गिरफ्तार

वर्ष : 15 अंक : 96 | शनिवार 28 मार्च, 2026 | डाक पंजीयन संख्याः एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया

## हर आंकड़े के पीछे एक मानवीय कहानी, आर्थिक नीतियों का लक्ष्य लोगों का जीवन बेहतर बनाना हो : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

(एजेंसी) नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि हर आंकड़े के पीछे एक मानवीय कहानी होती है और आर्थिक नीतियों की वास्तविक कसौटी केवल आंकड़े नहीं, बल्कि उनके परिणाम होते हैं। राष्ट्रपति भवन में उनसे मिलने आए भारतीय आर्थिक सेवा (आईईएस) के अधिकारियों के एक समूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सार्वजनिक सेवा में आर्थिक योजना एवं उसके क्रियान्वयन की भूमिका पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। मुर्मू ने कहा कि टिकाऊ वृद्धि सुनिश्चित करने, महंगाई का प्रबंधन करने, रोजगार के अवसर बढ़ाने, असमानताओं को कम करने और जटिल आर्थिक माहौल में अर्थव्यवस्था का मार्गदर्शन करने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा, ‘ साथ ही आपको हमेशा याद रखना चाहिए कि हर आंकड़े के पीछे एक मानवीय



कहानी होती है। आर्थिक नीति की वास्तविक कसौटी केवल आंकड़ों में नहीं, बल्कि उसके परिणामों में होती है। इसे खासकर सबसे कमजोर वर्गों के लोगों के जीवन में सुधार लाना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि अधिकारियों के कार्यों का मार्गदर्शन सहानुभूति की गहरी भावना और समावेशी तथा न्यायसंगत विकास के प्रति प्रतिबद्धता से होना चाहिए। मुर्मू ने आईईएस अधिकारियों से ईमानदारी एवं पेशेवर मानकों को बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, सार्वजनिक सेवा में विश्वास आपकी सबसे मूल्यवान पूंजी है और इसे आपके निर्णयों तथा कार्यों के माध्यम से अर्जित एवं बनाए रखा जाना चाहिए। राष्ट्रपति ने उनसे मिलने आये केंद्रीय विद्युत अभियांत्रिकी सेवा (सीपीईएस) के अधिकारियों के एक समूह को संबोधित करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत का दृष्टिकोण ऊर्जा क्षेत्र की मजबूती और विश्वसनीयता से गहराई से जुड़ा है। उन्होंने कहा, बिजली केवल ऊर्जा का स्रोत नहीं है। यह औद्योगिक विकास, नवाचार, बेहतर जीवन स्तर और देश की समग्र सामाजिक –आर्थिक प्रगति की प्रेरक शक्ति है। भारत की अंतरराष्ट्रीय जलवायु प्रतिबद्धताओं का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि बिजली ग्रिड में नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की हिस्सेदारी बढ़ाना इन लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा का अधिक एकीकरण जीवाश्म ईंधनों (कोयला आदि) पर निर्भरता कम करेगा और अधिक स्वच्छ तथा पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार बिजली क्षेत्र के निर्माण में मदद करेगा। राष्ट्रपति ने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा आधारित व्यवस्था की ओर बदलाव प्रौद्योगिकी एवं परिचालन संबंधी चुनौतियां हैं, जिन्हें नवोन्मेषी सोच, प्रौद्योगिकी प्रगति और प्रभावी योजना के माध्यम से दूर किया जा सकता है।

## चैत नवरात की नवमी पर सीएम योगी ने किया कन्या पूजन, अपने हाथों कराया भोजन

(एजेंसी) गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री व गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने वासंतिक (चौत्र) नवरात्र की नवमी पर शुक्रवार को गोरक्षपीठ की परंपरा के अनुसार कन्या पूजन किया। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर



के अन्न क्षेत्र में आयोजित कन्या पूजन अनुष्ठान में दुर्गा स्वरूपा नौ कन्याओं के चरण पखारे, उनका विधि–विधान से पूजन किया, चुनरी ओढ़ाई, आरती उतारी और श्रद्धापूर्वक भोजन कराया। उन्होंने दक्षिणा और उपहार देकर उनका आशीर्वाद भी लिया। परंपरा के तहत मुख्यमंत्री ने बटुक पूजन भी किया। इस अवसर पर मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ सहित कई संत और मंदिर प्रबंधन से जुड़े लोग उपस्थित रहे। कन्या पूजन से पहले प्रातःकालीन सत्र में मंदिर के शक्तिपीठ में मां सिद्धिदात्री की विधि–विधान से आराधना भी की गई। गोरखपुर में सीएम को 5 साल की बच्ची ने बुलडोजर टॉय गिफ्ट किया। योगी ने बच्ची के साथ बुलडोजर पकड़कर फोटो खिंचवाई। फिर बच्ची को वापस लौटाते हुए कहा कि अब इसे ले जाओ। मन लगाकर पढ़ाई करना। बच्ची का नाम यशस्विनी है। वह परिवार के साथ कानपुर से गोरखनाथ मंदिर आई थी। सीएम ने इसके भी पांव पखारे।

## सोनिया गांधी की तबीयत में हो रहा सुधार, सेहत पर डॉक्टरों ने दिया अपडेट

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी के स्वास्थ्य में निरंतर सुधार हो रहा है और



उन्हें एक–दो दिन में अस्पताल से छुट्टी मिल सकती है। डॉक्टरों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बुखार होने के बाद उन्हें मंगलवार रात करीब 10रू22 बजे सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के अध्यक्ष अजय स्वरूप के अनुसार, गांधी के स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है और अब उनकी स्थिति काफी बेहतर है। स्वरूप ने कहा, ‘उन्होंने (गांधी) नाश्ता भी किया है। हमें उम्मीद है कि उन्हें एक या दो दिन में छुट्टी दे दी जाएगी। 79 वर्षीय नेता को 25 मार्च रात करीब 10रू22 बजे बुखार आने के बाद सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के अध्यक्ष अजय स्वरूप के अनुसार, सोनिया गांधी अब काफी बेहतर हैं और सहज महसूस कर रही हैं। वे चल–फिर रही हैं और उन्होंने नाश्ता भी किया है। उनकी प्रगति सुचारू है और जल्द ही उन्हें छुट्टी मिलने की उम्मीद है। डॉक्टरों ने बताया कि उन्हें सिस्टेमिक इन्फेक्शन का इलाज दिया जा रहा है। वह एंटीबायोटिक दवाओं पर अच्छी प्रतिक्रिया दे रही हैं। उनकी हालत स्थिर है और गंभीर नहीं है, हालांकि एहतियात के तौर पर कुछ समय निगरानी में रहेंगी। डॉक्टरों ने बताया कि गांधी को ‘सिस्टमिक इन्फेक्शन हुआ था और उन पर ‘एंटीबायोटिक दवाओं का अच्छा असर हो रहा है। वह सीनियर डॉक्टरों की एक टीम की देखरेख में हैं, जो उनकी स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। सूत्रों ने कहा कि हालांकि उनकी स्थिति स्थिर है और गंभीर नहीं है, लेकिन एहतियात के तौर पर उन्हें थोड़े समय के लिए स्वास्थ्य संबंधी निगरानी में रखे जाने की संभावना है। बता दें कि सोनिया गांधी की अचानक बिगड़ी तबीयत को देखते हुए लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अपना केरल चुनावी दौरा रद्द कर दिया था। वह बुधवार 25 मार्च 2026 को कोझिकोड में एक विशाल जनसभा को संबोधित कर अपने चुनाव अभियान की शुरुआत करने वाले थे, लेकिन मां की देखभाल के लिए उन्होंने दिल्ली में ही रुकने का फैसला किया।

## कांग्रेस ने केंद्र को घेरा, जयराम रमेश बोले

### -कच्चे तेल एवं एलपीजी के आयात पर बढ़ी निर्भरता

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस ने शुक्रवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार भले ही आत्मनिर्भरता का मंत्र दे रही हो, लेकिन पिछले 10 वर्ष में कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता 84 प्रतिशत से बढ़कर 90 प्रतिशत और एलपीजी के आयात पर निर्भरता 46 प्रतिशत से बढ़कर 62 प्रतिशत हो गई है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि 2014–15 से 2024–25 के बीच भारत की कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता 84 प्रतिशत से बढ़कर 90 प्रतिशत हो गई। इसके अलावा 2014–15 से 2024–25 के बीच भारत की एलपीजी के आयात पर निर्भरता 46 प्रतिशत से बढ़कर 62 प्रतिशत हो गई। यह सब तब हुआ, जब आत्मनिर्भरता का मंत्र दिया जा रहा था। रमेश ने कहा कि प्राकृतिक गैस की कहानी तो और भी धुंधली है। गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री (मोदी) ने 26 जून, 2005 को यह डींग हांकी थी कि गुजरात स्टेट पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (जीएसपीसी) ने कृष्णा–गोदावरी बेसिन के गहरे समुद्री क्षेत्र में भारत का सबसे बड़ा गैस भंडार खोजा है। प्रधानमंत्री मोदी ने घोषणा की थी कि इससे भारत ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर हो जाएगा। उन्होंने कहा कि 2011 से 2016 के बीच कैग (नियंत्रक और महालेखा परीक्षक) की पांच रिपोर्ट में बाद में सामने आया कि यह 20,000 करोड़ रुपये का घोटाला था, जिसे बाद में अगस्त 2017 में



गुजरात राज्य पेट्रोलियम निगम का तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम में विलय कराकर ढक दिया गया। कांग्रेस नेता ने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है जब लोगों के घबराहट में खरीदारी करने और पेट्रोल पंप एवं एलपीजी वितरकों के पास लोगों की लंबी कतारें लगने की खबरें आ रही हैं। इन खबरों के बीच पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू होने के बाद पहली बार कच्चे तेल, ईंधन और एलपीजी के भंडार का विवरण जारी किया। इसका मकसद लोगों की घबराहट को दूर करना है।

## विमान हादसे में अजित पवार की मौत की पारदर्शी तरीके से जांच हो, सुप्रिया सुले ने उठाई मांग

(एजेंसी) नई दिल्ली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की सांसद सुप्रिया सुले ने महाराष्ट्र के पूर्व उप मुख्यमंत्री अजित पवार की 28 जनवरी को विमान हादसे में हुई मौत के मामले में सरकार से पारदर्शी तरीके से जांच की मांग दोहराई है। सुले ने शुक्रवार को शून्यकाल में इस मुद्दे को उठाते हुए कहा कि उनके चचेरे भाई अजित पवार की विमान हादसे में मृत्यु की घटना को दो महीने हो गए हैं, लेकिन उनके भतीजे रोहित पवार को प्राथमिकी दर्ज कराने में इतनी मुश्किल हो रही है। उन्होंने कहा, रोहित पवार को प्राथमिकी दर्ज कराने में बहुत मुश्किल हो रही है। इस देश के उप मुख्यमंत्री की दुर्घटना के मामले में प्राथमिकी दर्ज कराने में इतनी समस्या का सामना करना पड़ रहा है तो आम आदमी को कितनी दिक्कतों का सामना करना होता होगा। सुले ने इस मामले में पारदर्शी तरीके से जांच की मांग दोहराते हुए कहा कि दुर्घटना में मृत सभी लोगों को न्याय मिलना जरूरी है। पवार 28 जनवरी की सुबह मुंबई से बारामती जा रहे थे किंतु उतरते समय उनका विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। दुर्घटना के समय विमान में अजित पवार समेत कुल पांच लोग सवार थे।

## ऑनलाइन कारोबार पर अंकुश लगाये सरकार,कांग्रेस सांसद ने की मांग

### बोले पटेल- 40 हजार हो शिक्षामित्रों का वेतन

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस के उज्जवल रमण सिंह ने शुक्रवार को सरकार से ऑनलाइन कारोबार पर अंकुश लगाने तथा छोटे एवं मझौले व्यापारियों के हितों के संरक्षण की मांग की। उज्जवल रमण सिंह ने शून्य काल में इस बारे में नियम बनाने और छोटे दुकानदारों और मझौले व्यापारियों का व्यवसाय को बचाने के उपाय करने की सरकार से मांग की। समाजवादी पार्टी (सपा) के नरेश उत्तम पटेल ने उत्तर प्रदेश में शिक्षा मित्रों का मानदेय बढ़ाकर 40 हजार रुपये करने की मांग की। सपा के वीरेन्द्र सिंह ने किसानों के घरों में बिजली के स्मार्ट मीटर लगाने पर बिल बढ़कर आने तथा प्रीपेड मीटर लगाने से उन्हें हो रही कठिनाइयों की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए उनकी समस्यायें दूर करने की मांग की। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के निशिकांत दुबे ने मुस्लिमों और ईसाइयों से विवाह करने वाली आदिवासी युवतियों का अनुसूचित जनजाति का दर्जा समाप्त करने की मांग की। भाजपा के ही चन्दूभाई छगनभाई शिहोरा ने गुजरात के सुरेन्द्र नगर इलाके के नमक किसानों को बारिश से



हुए नुकसान की भरपाई करने और उन्हें भी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत सहायता उपलब्ध कराने की मांग की। सपा के आनंद भदौरिया ने उत्तर प्रदेश में शहीदों और संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्तियों को क्षतिग्रस्त किये जाने का मुद्दा उठाया और इसके दोषियों को सजा देने की मांग की। कांग्रेस के डॉ. प्रशांत यादवराव पडोले ने 2027 की जनगणना के लिए निर्धारित प्रारूप के कॉलम में अन्य पिछड़ा वर्ग को भी जोड़ने की मांग की। आम आदमी पार्टी के मालविंदर कंग ने तलाक और पारिवारिक हिंसा की ओर से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने की मांग करते विवाह प्रमाण पत्र देते समय वर का डोप और चिकित्सा जांच प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य करने की मांग की। राष्ट्रीय लोक दल के डॉ राज कुमार सांगवान ने उत्तर प्रदेश के बागपत में भारतीय प्रबंधन संस्थान की स्थापना की मांग की। कांग्रेस के इमरान मसूद ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में उच्च न्यायालय की पीठ स्थापना की मांग की। सपा की इकरा चौधरी ने निजी स्कूलों द्वारा विद्यार्थियों के प्रवेश के समय निजी प्रकाशकों की पुस्तकें अनिवार्य करने और यूनिफॉर्म तथा पुस्तकें किसी खास दुकानदार से ही लेने की अनिवार्यता पर रोक लगाने की मांग की। इकरा चौधरी ने समाज सुधारक और शिक्षा के क्षेत्र में महान कार्य करने वाले महात्मा ज्योतिबा फुले और महिला शिक्षा की अलख जगाने वाली सावित्री फुले को भारत रत्न देने की मांग की। निर्दलीय सरबजीत सिंह ने खालसा ने पंजाब में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर लगाने की मांग करते हुए कहा कि इसके लिए बेरोजगारी एक बड़ा कारण है। उन्होंने सरकार से नशे की समस्या को समाप्त करने की दिशा में ठोस कदम उठाने और बेरोजगारी दूर करने के लिए संसाधन जुटाने की मांग की। उन्होंने असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद पंजाब की खडूर साहिब सीट से सांसद अमृतपाल सिंह को लोक सभा की कार्यवाही में शामिल करवाने के लिए जेल से रिहा करने की मांग की। सपा के जितेन्द्र कुमार दोहरे ने संसद परिसर में बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा लगाने की मांग की। उन्होंने किसानों को मिलने वाले प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि बढ़ाने तथा आलू किसानों की समस्यायें हल करने की मांग की।

## शाह बोले, केंद्र सरकार के जन-केंद्रित शासन को दर्शाती है उत्पाद शुल्क में कटौती

(एजेंसी) नई दिल्ली केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि वैश्विक स्तर पर कीमतें बढ़ने के बीच ईंधन पर उत्पाद शुल्क घटाने का केंद्र सरकार का फैसला उसके जन



केंद्रित शासन और संवेदनशीलता से प्रेरित निर्णय लेने की प्रक्रिया को रेखांकित करता है। शाह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि पश्चिम एशिया संकट के बीच दुनिया ईंधन की कमी से जूझ रही है, जिससे वैश्विक स्तर पर कीमतें बढ़ रही हैं, ऐसे में ईंधन पर उत्पाद शुल्क घटाने का (प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का फैसला नागरिकों के लिए बहुत राहत की बात है जिसकी उन्हें इस समय बहुत आवश्यकता है। कई देशों ने डीजल और पेट्रोल की कीमतें बढ़ाई हैं। ऐसे में उत्पाद शुल्क घटाने का मोदी सरकार का फैसला उसके जन केंद्रित शासन और संवेदनशीलता से प्रेरित निर्णय लेने की प्रक्रिया को रेखांकित करता है। इस फैसले के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई। केंद्रीय वित्त मंत्रालय द्वारा वीरवार देर रात जारी एक अधिसूचना में बताया गया कि पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क 13 रुपये प्रति लीटर से घटाकर तीन रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। डीजल पर यह शुल्क पहले के 10 रुपये से घटाकर शून्य कर दिया गया है। शुल्क में यह कटौती तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरत का 88 प्रतिशत और प्राकृतिक गैस की आवश्यकता का लगभग आधा हिस्सा आयात करता है।

# सम्पादकीय

## नितिन नवीन ने सेट किया बंगाल का चुनावी एजेंडा

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनावी माहौल के बीच बड़ा बयान देते हुए कहा कि जिन मतदाताओं के नाम न्यायिक प्रक्रिया के दौरान मतदाता सूची से हटाए जाएंगे, उन्हें तृणमूल कांग्रेस की ओर से कानूनी सहायता दी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी ऐसे लोगों के लिए वकीलों की व्यवस्था



नफीस जाफरी

करेगी ताकि वे अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ सकें। मैं नफीस जाफरी अब चर्चा करता हूं कि पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा की चुनावी तैयारियों की तो मालूम हो कि पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव जैसे–जैसे नजदीक आ रहे हैं, सियासी सरगर्मियां तेज हो रही हैं। आगामी चुनाव में भाजपा की रणनीति को धार देने के लिए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन बीते दिनों दो दिन बंगाल में थे। एक के बाद एक दनादन बैठकें करके उन्होंने पार्टी के चुनावी अभियान की दिशा–दशा तय की। मकसद एक ही है– तीन बार की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी को सत्ता से बेदखल करना। हालांकि ये वक्त बताएगा कि ये रणनीति कितनी कारगर साबित होती है। नितिन नवीन ने इस दौरे में न सिर्फ संगठनात्मक बैठकें करके चुनावी रणनीति की रूपरेखा बनाई, बल्कि मंदिरों में भी गए। दौरे के पहले दिन उन्होंने हावड़ा, हुगली और मेदिनीपुर जोन के पदाधिकारियों के साथ बैठकें कीं। इस दौरान आईटी टीम, कॉल सेंटर और केंद्रीय मंत्रियों से भी चर्चा की। पार्टी नेताओं में जोश भरते हुए नितिन नवीन ने कहा कि 4 मई को पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी और जीत के प्रतीक के रूप में भगवा होली खेली जाएगी। भाजपा के चुनावी कैंपेन का एजेंडा सेट करते हुए उन्होंने आगे कहा कि इस बार मुकाबला टीएमसी द्वारा जनता में पैदा किए गए खौफ और भाजपा द्वारा दिए जा रहे विश्वास के बीच है। उन्होंने आरोप लगाया कि ममता के शासन में लोगों के अंदर जान–माल, रोजगार, महिलाओं से अभद्रता जैसे डर हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में कट मनी, जबरन वसूली और संसाधनों पर कब्जे ने युवाओं का भविष्य अंधकार में डाल दिया है। उन्होंने वादा किया कि भाजपा की सरकार भ्रष्टाचार मुक्त शासन, मुत इलाज, पक्का घर, मुत बिजली और युवाओं के लिए उज्ज्वल भविष्य की गारंटी देगी। उनका कहना था कि भाजपा बंगाल के लोगों को डर के इस माहौल से बाहर निकालेगी। तो वहीं दूसरी ओर नितिन नवीन के बयानों पर पलटवार करते टीएमसी के प्रवक्ता रिजु दत्ता ने आरोपों की बौछार कर दी। उन्होंने आरोप लगाया कि बंगाल की जनता भाजपा पर रत्ती भर भरोसा नहीं करती, यह झूठों की पार्टी है। बंगाल को सिर्फ ममता बनर्जी पर भरोसा है, जिन्होंने सिंगूर से लेकर एसआईआर तक जनता की लड़ाई लड़ी है। भाजपा के मुंह से ऐसी बातें शोभा नहीं देतीं जिसके शासन में मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगा और दिल्ली में धमाके हुए। भाजपा की जहां भी सरकार बनती है, डर का माहौल खुद पैदा हो जाता है। भाजपा और टीएमसी के बीच बंगाल में राजनीतिक घमासान जारी है। उत्तर और दक्षिण बंगाल में ताबड़तोड़ रैलियां कर रही मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी तंज कसते हुए कहा कि 4 मई के बाद भाजपा समर्थकों को अपने घरों पर पोस्टर लगाने पड़ जाएंगे कि वो भाजपा में नहीं हैं। बहरहाल ये तो वक्त बताएगा कि बंगाल की सियासत में किसका सिक्का चलता है, लेकिन इतना साफ है कि नितिन नवीन के कार्यकर्ताओं को दिए गए मंत्र के बाद आने वाले दिनों में भाजपा टीएमसी के खिलाफ हमले तेज कर सकती है। समाचार है कि इन हमलों को धार देने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी इसी हते कोलकाता पहुंच सकते हैं।

## युद्ध के चलते दुनिया भर में 'ऊर्जा लॉकडाऊन' का डर!

रजनीश कपूर

विश्व आज एक नए संकट के कगार पर खड़ा है। 28 फरवरी 2026 को शुरू हुए अमरीका–इसराईल और ईरान युद्ध ने मात्र 4 सप्ताह में वैश्विक ऊर्जा बाजार को हिला दिया है। 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज', जिससे दुनिया के 20 प्रतिशत तेल और एल.एन.जी. का परिवहन होता है, प्रभावी रूप से बंद हो गया है। ईरान के साऊथ पार्स गैस फील्ड और कतर के रास लाफान एल.एन.जी. प्लांट पर हमलों से वैश्विक उत्पादन में 3.5 प्रतिशत की कमी आई है, जिसकी मुरम्मत में वर्षों लग सकते हैं। तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच चुकी हैं, जबकि भारत जैसे आयात–निर्भर देशों में ईंधन, एल.पी.जी. और बिजली की आपूर्ति पर दबाव बढ़ रहा है। ऐसे में 'ऊर्जा लॉकडाऊन' की चर्चा जोर पकड़ रही है। एक ऐसी स्थिति, जिसमें ईंधन राशनिंग, बिजली कटौती और औद्योगिक गतिविधियों पर अंकुश लग सकता है, ठीक कोविड जैसी आपात स्थिति की तरह। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आई.ई.ए.) के प्रमुख फितह बिरोल ने इसे 'मेजर, मेजर थ्रैट' बताया है। होर्मुज बंद होने से न केवल तेल, बल्कि उर्वरक, हीलियम और सल्फर की आपूर्ति भी प्रभावित हुई है, जो खाद्य उत्पादन और ए.आई. तकनीक तक को प्रभावित कर रही है। बंगलादेश ने पहले ही ईंधन राशङ्क्षनग लागू कर दी है। श्रीलंका में अनिवार्य ऊर्जा अवकाश की घोषणा हुई है। भारत में भी पैट्रोल–डीजल की कीमतें बढ़ रही हैं, एल.पी.जी. सिलैंडर की आपूर्ति अनिश्चित है और बिजली संयंत्रों में कोयला–गैस का संकट गहरा रहा है। यदि युद्ध लंबा चला तो 'ऊर्जा लॉकडाऊन' वास्तविकता बन सकता है। यानी उद्योग बंद, परिवहन सीमित और घरेलू बिजली पर पाबंदी। यह न केवल मुद्रास्फीति बढ़ाएगा, बल्कि विकास दर को 1–2 प्रतिशत तक घटा सकता है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि यदि होर्मुज 2–3 महीने और बंद रहा तो वैश्विक मंदी अनिवार्य हो जाएगी। लेकिन संकट के बीच आशा की किरण भी दिख रही है। शांति वार्ता की संभावना बन रही है और इसमें पाकिस्तान की भूमिका अचानक केंद्र में आ गई है। खबरों के अनुसार, अमरीकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बागेर गलीबाफ के बीच इस्लामाबाद में संभावित शिखर वार्ता की तैयारी चल रही है। पाकिस्तान ने 15 प्वॉइंट प्रस्ताव अमरीका की ओर से ईरान तक पहुंचाया है, जिसमें होर्मुज खोलने, यूरेनियम संवर्धन सीमा और मुआवजे जैसे मुद्दे शामिल हैं। सवाल उठता है कि क्या युद्धविराम संभव है? कूटनीतिक विशेषज्ञों की राय विभाजित है। कुछ का मानना है कि पाकिस्तान की मध्यस्थता एक 'टर्निंग प्वॉइंट' साबित हो सकती है क्योंकि दोनों पक्ष थक चुके हैं।

# कांग्रेस और छोटे दलों की सक्रियता ममता के लिए बन सकती है चुनौती



गुलफिशा खान

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी पारा धीरे–धीरे चढ़ने लगा है। तृणमूल कांग्रेस और अन्य पार्टियां जहां एक तरफ उम्मीदवारों के नाम जारी करने में लगी हैं वहीं दूसरी तरफ इन पार्टियों के बड़े नेता अभी से ही जनता तक अपनी बात पहुंचाने में जुट गए हैं। इसी राजनीतिक माहौल में तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी ने दक्षिण 24 परगना के पाथर प्रतिमा में एक चुनावी सभा का संबोधित किया। इस सभा के दौरान उन्होंने जो कुछ कहा उसे लेकर राजनीतिक खींचतान शुरू होती दिख रही है। उन्होंने इस सभा में आम जनता से अनुरोध किया कि वो आगामी चुनाव में भाजपा को वोट ना दें। उन्होंने कहा कि अगर वो ऐसा करते हैं तो उनके घर में सांप घुस जाएगा। उनके इस बयान ने राजनीतिक गलियारों में पहले ही तीखी बहस छेड़ दी है। अपने इस बयान के जरिए वे यह संदेश देना चाहते हैं कि भाजपा को वोट देना आम जनता के जीवन के लिए खतरा बन सकता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया कि बंगाल की जनता को डरा–धमकाकर या लालच देकर वोट नहीं दिलाया जा सकता। इस दिन अभिषेक ने पाथर प्रतिमा विधानसभा क्षेत्र को अपना निशाना बनाया। उन्होंने कहा कि इस बार तृणमूल को कम से कम 40 हजार वोटों के अंतर से जीतना होगा। पिछले चुनाव में, जहां उसने लगभग 22 हजार वोटों से जीत हासिल की थी, उन्होंने कार्यकर्ताओं और समर्थकों को दोगुनी जीत का लक्ष्य देकर चुनौती दी। साथ ही, उन्होंने भाजपा से 50 हजार वोटों के अंतर को कम रखने का आग्रह किया। तृणमूल नेता ने जनसभा में पांच बड़े वादे किए। उन्होंने कहा कि लक्ष्मी भंडार परियोजना को किसी भी हालत में नहीं रोका जाएगा और इसके दायरे में अधिक से अधिक लोग आएंगे। राज्य के हर गरीब व्यक्ति के सिर पर मिट्टी की छत होगी। हर ब्लॉक और कस्बे में घर–घर इलाज की व्यवस्था करके आम लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित की जाएंगी। केंद्र सरकार के सहयोग न करने पर भी हर घर में पाइप से पीने का पानी पहुंचाया जाएगा। तो वहीं दूसरी ओर पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ तृणमूल कांग्रेस और उसके प्रमुख मुस्लिम वोट बैंक की तो कहा जा रहा है कि पश्चिम बंगाल में 2026 विधानसभा चुनावों से पहले अल्पसंख्यक वोट बैंक के बदलते समीकरण, छोटे मुस्लिम संगठन, उत्तर बंगाल में कांग्रेस की सक्रियता तथा जनता की कई शिकायतें राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के लिए अपनी सत्ता बचाये रखने में कठिन चुनौती बन सकते हैं। करीब 15 साल तक अल्पसंख्यक मतदाता तृणमूल की चुनावी ताकत का मुख्य आधार रहे हैं। अब करीब 30 प्रतिशत अल्पसंख्यक मतदाताओं को लुभाने की होड़ लगी हुई है, जो राज्य की 294 विधानसभा सीटों में से 114 से अधिक सीट के नतीजों को प्रभावित करते हैं। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) के नेता नौशाद सिद्दीकी, तृणमूल के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर की पार्टी एजेयूपी का एआईएमआईएम के साथ गठबंधन और मुर्शिदाबाद व मालदा में कांग्रेस की फिर से सक्रियता ने बंगाल के अल्पसंख्यक चुनावी समीकरण



में नई अनिश्चितता पैदा की है। विशेषज्ञों ने कहा कि यह घटनाक्रम 2026 के विधानसभा चुनावों में काफी महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। बंगाल के जाने माने राजनीतिक विश्लेषक विश्वनाथ चक्रवर्ती ने कहा, "पहले अल्पसंख्यक मतदाता लगभग सहज रूप से तृणमूल के पीछे खड़े रहते थे, मुख्य रूप से भाजपा के कारण. हालांकि नए दलों और स्थानीय शिकायतों के उभरने से छोटे स्तर पर हलचल पैदा हुई है, जो कड़े मुकाबले वाले चुनाव में सत्तारूढ़ पार्टी को नुकसान पहुंचा सकती है।" उत्तर दिनाजपुर और दक्षिण बंगाल के अन्य मुस्लिम बहुल जिलों में यह हलचल सबसे स्पष्ट है, जहां छोटे संगठन राजनीतिक प्रतिनिधित्व, अस्मिता और स्थानीय विकास के मुद्दों के इर्द–गिर्द समर्थन जुटाना शुरू कर चुके हैं। साल 2021 के विधानसभा चुनावों में भंगर सीट जीतने वाला इंडियन सेक्युलर फ्रंट युवा मुस्लिम मतदाताओं को जोड़ने की कोशिश कर रहा है जो मुख्यधारा की पार्टियों से निराश हैं। इसके इकलौते विधायक सिद्दीकी ने बार–बार तृणमूल और भाजपा पर अल्पसंख्यकों का चुनावी उपयोग करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, "अल्पसंख्यकों को चुनाव के दौरान इस्तेमाल होने वाली 'दूध देने वाली गाय' की तरह माना जाता है।" उन्होंने आरोप लगाया कि तीन बार की तृणमूल सरकार ने वास्तविक विकास नहीं किया। इसके अलावा तृणमूल नेतृत्व पर लगातार हमले के कारण पार्टी से निलंबित हुए मुर्शिदाबाद के कद्दावर नेता हुमायूं कबीर ने आम जनता उन्नयन पार्टी (एजेयूपी) की स्थापना की और अब एआईएमआईएम के साथ गठबंधन कर मुस्लिम मतदाताओं के लिए वैकल्पिक राजनीतिक मंच तैयार किया है। कबीर का मानना है कि मुर्शिदाबाद में नई बाबरी मस्जिद के निर्माण का भावनात्मक मुद्दा और मुस्लिमों में बढ़ती राजनीतिक चेतना 2026 के विधानसभा चुनावों को प्रभावित कर सकती है। उन्होंने कहा कि राज्य की अगली सरकार में स्वतंत्रता के बाद पहली बार मुस्लिम मुख्यमंत्री या मुस्लिम उपमुख्यमंत्री हो सकता है। उन्होंने कहा, "बाबरी मस्जिद के निर्माण के लिए यदि 100 मुस्लिम वोटर मतदान करें, तो 80 वोट एजेयूपी के उम्मीदवारों को मिलेंगे।" उन्होंने यह दावा भी किया कि उनकी पार्टी 182 सीट पर चुनाव लड़ेगी और खंडित जनादेश की सूरत में 'किंगमेकर' बन सकती है। तृणमूल के पूर्व नेता ने यह भी कहा कि बंगाल में 30 प्रतिशत आबादी होने के बावजूद मुसलमानों को उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिला। उन्होंने कहा, "हमारी पार्टी में 100 से अधिक उम्मीदवार मुस्लिम होंगे। यह दिखाता है कि मुसलमानों को राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने के प्रति कौन गंभीर है।" कांग्रेस मालदा और मुर्शिदाबाद में अपने पारंपरिक गढ़ में फिर से सक्रिय होने का प्रयास कर रही है, जिन जिलों में तृणमूल के उभरने से पहले वह अल्पसंख्यक राजनीति में हावी थी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि हाल के वर्षों में इस क्षेत्र में पार्टी का बेहतर प्रदर्शन यह दिखाता है कि अल्पसंख्यक मतदाता अपनी राजनीतिक पसंद पर फिर विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, "2024 के लोकसभा चुनावों में वाम दलों के साथ चुनाव लड़ने पर मुर्शिदाबाद और मालदा में विपक्ष का मत प्रतिशत बढ़ा। हम 2023 में सागरदिगी उपचुनाव में तृणमूल को हरा भी चुके हैं।" भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी बार–बार दावा कर चुके हैं कि इस बार अल्पसंख्यक वोट "बंट जाएगा।" उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ मुसलमानों ने तृणमूल सरकार पर अपना भरोसा खो दिया है। यह राजनीतिक हलचल मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की वजह से भी हुई है, क्योंकि इससे अल्पसंख्यक बहुल जिलों पर प्रभाव पड़ने की आशंका है। जिलास्तरीय आंकड़े बताते हैं कि मुर्शिदाबाद में 11 लाख से अधिक, मालदा में 8.28 लाख, उत्तर 24 परगना में 5.91 लाख और दक्षिण 24 परगना में 5.22 लाख मतदाता न्यायिक प्रक्रिया से गुजर रहे हैं। ये जिले लगभग 100 विधानसभा सीटों का प्रतिनिधित्व करते हैं और ऐतिहासिक रूप से टीएमसी की चुनावी सफलता का आधार रहे हैं। कोलकाता में एक अन्य राजनीतिक विश्लेषक ने कहा, "एक तर्क यह है कि मतदाताओं के नाम हटने से तृणमूल को नुकसान हो सकता है, क्योंकि ये उसके गढ़ हैं। लेकिन दूसरी संभावना यह भी है कि जब मतदाता महसूस करते हैं कि उनकी नागरिकता पर सवाल उठ रहा है, तो वे अपनी सुरक्षा करने वाली पार्टी के पीछे और मजबूत होकर खड़े हो सकते हैं।" संशोधित वक्फ कानून, ओबीसी आरक्षण के विवाद, मदरसा भर्ती और अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थानों को लेकर विभिन्न विवाद चुनाव से पहले बार–बार चर्चा में रहे हैं। ऑल बंगाल माइनॉरिटी यूथ फेडरेशन के महासचिव मोहम्मद कामरुज्जमां ने कहा, "जिन सीटों पर भाजपा अपेक्षा.त कमजोर है, कुछ मतदाता छोटे मुस्लिम दलों, कांग्रेस या वाम की ओर जा सकते हैं। इससे विरोधी वोट बंट सकते हैं और तृणमूल के पारंपरिक अल्पसंख्यक वोट बैंक को कुछ क्षेत्रों में नुकसान पहुंच सकता है।"हालांकि, सत्तारूढ़ पार्टी का विश्वास है कि अंततः अल्पसंख्यक मतदाता उसके साथ खड़े रहेंगे। राज्य के मंत्री फिरहाद हाकिम ने कहा, "अल्पसंख्यक जानते हैं कि केवल तृणमूल ने लगातार उनके हितों की रक्षा की है। आईएसएफ या एजेयूपी जैसी पार्टियां अप्रत्यक्ष रूप से भाजपा की मदद कर रही हैं। पिछले 15 वर्षों की तरह, अल्पसंख्यक तृणमूल के साथ खड़े रहेंगे।"

# आखिर क्यों इजरायल अमेरिका के लिए इतना दुलारा है!



फरीद वारसी

दुनिया में कई लोगों के बारे में कहा जाता है कि उन्हें आज ही पता चल जाता है कि कल क्या होने वाला है। ऐसे ही चंद लोगों में नास्त्रेदमस का नाम शुमार है जो दुनिया के सबसे महान भविष्यवक्ता माना जाता है, ऐसा इंसान जो भविष्य की बात बता सकता था। 28 फरवरी को शुरू अमेरिका–इजरायल बनाम ईरान की जंग ने एक बार फिर दुनिया की भयावह स्थिति के बारे में नास्त्रेदमस द्वारा की गई भविष्यवाणियों को सामने ला दिया है। उनकी भविष्यवाणियों पर यकीन करने वाले लोग दावा कर रहे हैं कि नास्त्रेदमस ने आज से 470 साल पहले ही बता दिया था कि इस जंग में ड्रोन अटैक का इस्तेमाल किया जाएगा। नास्त्रेदमस की भविष्यवाणियों के बारे में जानने से पहले यह ध्यान में रखना जरूरी है कि उन्होंने आज से 470 साल पहले पहेलियों में अपनी भविष्यवाणी की थी। अब उन्हीं पहेलियों का मतलब निकाला जाता है और उसके आधार पर भविष्यवाणी की जाती है। नास्त्रेदमस ने अपनी भविष्यवाणियों में मधुमक्खियों के झुंड का जिक्र किया था और उनपर विश्वास करने वालों का कहना है कि यह भविष्यवाणी ईरान युद्ध से जुड़ी है, जहां मधुमक्खियों के झुंड का मतलब मिडिल ईस्ट की जंग में सक्रिय भूमिका निभाने वाले ड्रोन से है। नास्त्रेदमस ने साल 2026 को लेकर साफ कुछ नहीं लिखा है. यहां तक कि साल 2026 का जिक्र तक नहीं किया है, लेकिन उनके 26 नंबर के दोहे को साल 2026 से जोड़कर देखा जा रहा है। अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच युद्ध शुरू होने से पहले तक यह अस्पष्ट रहा था। लेकिन संघर्ष में जिस तरह घातक ड्रोन का इस्तेमाल हो रहा है, उसे देखकर लगता है कि मधुमक्खियों का इशारा मानव रहित वाहनों की ओर है। इसके अलावा, ये सुसाइड ड्रोन हैं, जो टारगेट पर जाने के बाद विस्फोट में फट जाते हैं, ठीक उसी तरह जैसे मधुमक्खियां डंक मारने के बाद मर जाती हैं। जहां तक नास्त्रेदमस का सवाल है तो आज से 470 साल पहले दुनिया के सबसे महान भविष्यवक्ता माने जाने वाले नास्त्रेदमस ने ऐसी कई भविष्यवाणी की थी जो कई मौकों पर सच साबित हुई है। मिशेल डी नास्त्रेदम के रूप में जन्मे नास्त्रेदमस 16वीं शताब्दी के एक फ्रांसीसी ज्योतिषी और चिकित्सक थे। लेकिन दुनिया ने उन्हें उनकी भविष्यवाणियों के लिए जाना। बहरहाल, अब बात अमेरिका और इजरायल के आपसी रिश्तो की तो अमेरिका और इजरायल के रिश्तों को आज के जमाने में जय–वीरू की दोस्ती कहा जाए तो अतिश्योक्ति नहीं होगी। लेकिन छोटा सा यहूदी देश इजरायल आखिर अमेरिका का इतना दुलारा क्यों है। ऐसा क्या है कि अमेरिका इस्लामिक देशों के साथ रूस, चीन जैसी महाशक्तियों से भी इजरायल के लिए टकराने को तैयार है। खुद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजरायल की खातिर यूरोप से अमेरिका के सदियों रिश्तों को भी ताक पर रख दिया। ट्रंप ने अपनी पूरी सियासी पूंजी ईरान के खिलाफ इजरायल के मौजूदा युद्ध में दांव पर लगा दी है। अगर ट्रंप और इजरायल की हार हुई या उन्हें पीछे हटना पड़ा तो ट्रंप के लिए देश में होने वाले मध्यावधि चुनाव में टिक पाना मुश्किल होगा। संसद में बहुमत खोया तो उन्हें महाभियोग का सामना भी करना पड़ सकता है। कहा जाता है कि अमेरिका इजरायल को मध्य पूर्व में अपना एक ऐसा विमान वाहक पोत मानता है जिसे कोई डुबो नहीं सकता।तेल–गैस के भंडार वाले देशों के साथ पूरे खाड़ी क्षेत्र में अपना दबदबा रखता है। इजरायल उसकी आंख और कान बनकर काम करता है। ईरान के साथ बढ़ते टकराव के दौरान इजरायल ने अमेरिकी हितों की रक्षा में ढाल का काम किया है। अमेरिका इजरायल को हर साल अरबों डॉलर (2026 बजट में 4 अरब डॉलर) की सैन्य सहायता देता है, लेकिन यह पैसा वापस अमेरिका ही आता है। इजरायल इस पैसे से अमेरिकी हथियार खरीदता है। जब इजरायल इन हथियारों को युद्ध जैसे गाजा या लेबनान में इस्तेमाल करता है तो उनका रियल टाइम डेटा अमेरिकी कंपनियों को मिलता है। इससे अमेरिकी हथियारों (जैसे थ–35



और मिसाइल डिफेंस) को सुधारने में मदद मिलती है। इजरायल की मिसाइल डिफेंस प्रणाली आयरन डोम में अमेरिका का भी निवेश है। इजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद का नेटवर्क पूरे इस्लामिक देशों में बहुत गहरा है। अमेरिका को कट्टरपंथी संगठनों और ईरान के परमाणु कार्यक्रम की जो बारीक जानकारियां इजरायल से मिलती हैं, वे उसे दुनिया की कोई और एजेंसी नहीं दे सकती। यह जानकारी अमेरिका को अपने देश पर होने वाले आतंकी हमलों को रोकने में मदद करती है। इजरायल को स्टार्टअप नेशन कहा जाता है। इंटेल, गूगल और माइक्रोसॉट जैसी बड़ी अमेरिकी कंपनियों के सबसे बड़े रिसर्च सेंटर इजरायल में हैं। इजरायली कंपनियों ने अमेरिका में लाखों नौकरियां पैदा की हैं। अमेरिका के आईटी हब सिलिकॉन वैली और इजरायल के बीच अटूट रिश्ता है। अमेरिका में इजरायल समर्थक गुट बहुत शक्तिशाली हैं। अमेरिकन इजरायल पब्लिक अफेयर्स कमेटी जैसी संस्थाएं अमेरिकी चुनावों में बहुत प्रभाव रखती हैं। कोई भी अमेरिकी राष्ट्रपति या सांसद इजरायल के खिलाफ जाकर अपना राजनीतिक करियर दांव पर नहीं लगाना चाहता। अमेरिका में एक बड़ा वर्ग (ईसाई) धार्मिक मान्यताओं के कारण इजरायल का समर्थन करना अपना पवित्र कर्तव्य मानता है। यहूदियों की हिफाजत करना वो अपना धार्मिक और नैतिक कर्तव्य मानते हैं। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अमेरिका ने यूरोप से पलायन कर रहे हजारों यहूदी बुद्धिजीवियों, वैज्ञानिकों और कलाकारों को शरण दी। एडोल्फ हिटलर के जर्मनी में यहूदियों पर अत्याचार के बाद सबसे प्रतिभाशाली यहूदी अमेरिका पहुंचे। अल्बर्ट आइंस्टीन ने 1933 में ही जर्मनी छोड़ा और प्रिंसटन में शरण ली। आइंस्टीन द्वारा राष्ट्रपति रूजवेल्ट को लिखे पत्र ने ही मैनहट्टन प्रोजेक्ट (परमाणु बम) की नींव रखी। एडवर्ड टेलर इन्हें हाइड्रोजन बम का पिता कहा जाता है। वो हंगरी के यहूदी थे जो नाजीवाद से बचकर अमेरिका आए। लियो ज़िलार्ड ने ही पहली बार न्यूक्लियर चेन रिएक्शन की कल्पना की थी। वो भी हंगरी से पलायन कर अमेरिका पहुंचे और परमाणु ऊर्जा के विकास में बड़ी भूमिका निभाई। हन्ना आरेंड्ट 20वीं सदी की सबसे प्रभावशाली राजनीतिक दार्शनिक थीं। वो जर्मनी से भागकर अमेरिका आईं और उन्होंने तानाशाही पर कालजयी किताबें लिखीं। हेनरी किसिंजर 1938 में एक किशोर के रूप में जर्मनी से भागकर अमेरिका आए थे, लेकिन बाद में वे अमेरिका के सबसे शक्तिशाली विदेश मंत्री बने। द्वितीय विश्व युद्ध के तुरंत बाद (1945–1959) अमेरिका ने ऑपरेशन पेपरक्लिप चलाया। इसमें अमेरिका ने न केवल यहूदियों को शरण दी, बल्कि 1600 से अधिक जर्मन वैज्ञानिकों को भी गोपनीय रूप से अमेरिका बुलाया। इसमें वर्नर वॉन ब्रौन जैसे वैज्ञानिक शामिल थे, जिन्होंने बाद में अमेरिका के अपोलोश मून मिशन और नासा की सफलता में मुख्य भूमिका निभाई.बिली वाइल्डर ऑस्ट्रियाई यहूदी थे, जो हॉलीवुड के महानतम निर्देशकों में से एक बने। जॉन वॉन न्यूमैन आधुनिक कंप्यूटर और गेम थ्योरी के जनक थे। हंगरी के इस यहूदी गणितज्ञ के बिना आधुनिक कंप्यूटिंग संभव नहीं थी।

# बुजुर्ग डॉक्टर ने लाइसेंसी रिवॉल्वर से खुद को मारी गोली, मिला शव



न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। शहर के सिविल लाइन इलाके में शुक्रवार दोपहर उस वक्त कोहराम मच गया, जब एक सीनियर डॉक्टर ने अपने घर की पहली मंजिल पर कनपटी पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय डॉक्टर अपनी पत्नी के साथ घर पर अकेले थे। गोली की आवाज सुनकर जब पत्नी कमरे में पहुंची, तो वहां का नजारा देखकर उनके पैरों तले जमीन खिसक गई।

सिविल लाइन मोहल्ले के रहने वाले डॉ. राजेंद्र चौधरी (69), जो खैराबाद में अपना निजी क्लीनिक चलाते थे। शुक्रवार को अपनी पत्नी शक्ति चौधरी के साथ घर पर थे। दोनों ने दोपहर में साथ बैठकर खाना खाया। इसके बाद डॉक्टर चौधरी पहली मंजिल पर अपने कमरे में चले गए, जबकि उनकी पत्नी नीचे काम करने लगीं। करीब एक बजे कमरे से अचानक गोली चलने की तेज आवाज आई। पत्नी भागकर ऊपर पहुंचीं तो देखा कि डॉक्टर चौधरी बेड पर औंधे मुंह खून से लथपथ पड़े थे। उन्होंने अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर में सिर्फ एक गोली डाली और उसे अपनी कनपटी से सटाकर ट्रिगर दबा दिया। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही शहर कोतवाली पुलिस और सीओ सिटी विनायक भोसले मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से सबूत जुटाए हैं। कमरे से डॉक्टर की लाइसेंसी रिवॉल्वर बरामद कर जांच के लिए भेज दी गई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। सीओ सिटी विनायक भोसले ने बताया कि डॉक्टर के दो बेटे हैं, जो शहर से बाहर रहते हैं। उन्हें घटना की सूचना दे दी गई है। वहीं, पति की अचानक मौत से पत्नी शक्ति चौधरी गहरे सदमे में हैंऔर फिलहाल कुछ भी बोलने की स्थिति में नहीं हैं। प्रथम .ष्टया यह आत्महत्या का मामला लग रहा है। पत्नी गहरे सदमे में है, जिसके कारण अभी विस्तृत पूछताछ नहीं हो पाई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के बाद ही आत्महत्या के असली कारणों का पता चल सकेगा।

# बहन की मर्जी बनी मौत की वजह, सगे भाइयों ने ही सब्बल से वार कर उतारा मौत के घाट

## – फोन पर बात करने से नाराज भाइयों ने की थी बहन की हत्या, दोनों आरोपी गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो




संदना, सीतापुर। जनपद के थाना संदना क्षेत्र में हुई युवती की सनसनीखेज हत्या का पुलिस ने सफल अनावरण कर दिया है। रिश्तों को शर्मसार कर देने वाले इस मामले में मृतका के सगे भाइयों ने ही उसकी हत्या की बात स्वीकार की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरतार कर जेल भेज दिया है। बीते 25 मार्च को ग्राम लौली नहर पट्टी के पास 20 वर्षीय युवती मोनिका पुत्री राजकिशोर का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया था। पुलिस ने मृतका के पिता की तहरीर पर थाना संदना में मुकदमा अपराध संख्या 98/2026 धारा 103(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। विवेचना और साक्ष्यों के आधार पर पुलिस टीम ने मृतका के दो सगे भाइयों महानन्द और शिवाकान्त उर्फ रमाकान्त को गेंधरिया पट्टी तिराहे और चने के खेत से घेराबंदी कर गिरतार किया। पूछताछ में आरोपियों ने जो खुलासा किया वह चौंकाने वाला था। अभियुक्तों ने बताया कि मोनिका अक्सर फोन पर लड़कों से बात करती थी। भाइयों ने उसे कई बार मना किया, लेकिन उसने उनकी बात मानने से इनकार कर दिया। गुस्से में आकर दोनों भाइयों ने लोहे के सब्बल (बेलचा) से उसके सिर पर प्रहार किया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। साक्ष्य छिपाने के लिए उन्होंने शव को नहर पट्टी के पास फेंक दिया था।गिरतार अभियुक्त महानन्द की निशानदेही पर पुलिस ने घटना में इस्तेमाल किया गया। लोहे का सब्बल (बेलचा) और शव ले जाने में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध इस प्रकार की प्रभावी और निरंतर कार्यवाही जारी रहेगी। कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

# जनता भट्ठे की चिमनी पर गिरी आकाशीय बिजली, सुरक्षा कवच ने बचाई मजदूरों की जान

न्यूज वाणी ब्यूरो

रामकोट, सीतापुर। जनपद के रामकोट थाना क्षेत्र अंतर्गत लोधौरा गांव में शुक्रवार दोपहर उस वक्त प्र.ति का रौद्र रूप देखने को मिला, जब भारी बारिश के बीच एक ईंट भट्ठे पर भीषण आकाशीय बिजली गिरी। गनीमत यह रही कि भट्ठे पर लगे सुरक्षा यंत्र (लाइटनिंग कंडक्टर) ने काल बनकर आई इस बिजली को जमीन में समाहित कर दिया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। हरदोई–सीतापुर मार्ग पर स्थित जनता भट्ठा पर दोपहर के समय अचानक मौसम का मिजाज बदला और तेज बारिश शुरू हो गई। इसी बीच कान फोड़ देने वाली गर्जना के साथ बिजली सीधे भट्ठे की ऊंची चिमनी पर जा गिरी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, धमाका इतना जोरदार था कि आसपास के ग्रामीण दहशत में आ गए और अफरा–तफरी का माहौल बन गया। बिजली गिरने के प्रभाव से भट्ठे की चिमनी में एक लंबी दरार आ गई है और उसे आंशिक नुकसान पहुंचा है। हालांकि, भट्ठे पर काम कर रहे श्रमिक पूरी तरह सुरक्षित हैं। भट्ठे के मुनीम मुकेश यादव ने बताया कि भट्ठे पर पहले से ही सुरक्षा के लिहाज से कॉपर लाइटनिंग कंडक्टर लगाया गया था। बिजली गिरते ही तार के जरिए सीधे जमीन में चली गई। अगर यह सुरक्षा कवच न होता, तो आज कई परिवारों के चिराग बुझ सकते थे और जान–माल की भारी क्षति होती। घटना की सूचना मिलते ही भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। किसी के हताहत न होने की खबर से सभी ने राहत की सांस ली है। इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि ऊंचे ढांचों पर तड़ित चालक लगाना कितना अनिवार्य है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र के अन्य भट्ठों और ऊंची इमारतों पर भी सुरक्षा मानकों की जांच की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।



# नशा उन्मूलन कार्यक्रम आयोजित

न्यूज वाणी ब्यूरो



लहरपुर, सीतापुर। राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर आदर्श कैलाश नाथ इंटर कॉलेज में छठे दिन नशा उन्मूलन के बारे में सेवक सेविकाओं को बताया गया। कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार निगम ने नशा से होने वाली हानियां व उनके दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी। नीता सिंह विनोद शुक्ला तथा संजीत मिश्रा ने नशे से होने वाली विभिन्न बीमारियों के बारे में सेवक सेविकाओं को बताया। सारिका मौर्य अनुष्का जायसवाल तनुष्का जायसवाल तथा प्रीति देवी ने तंबाकू पुड़िया गुटखा शराब से होने वाली हनिया के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में शैल सिंह रमेश चंद्र मिश्रा .ष्ण चंद्र द्विवेदी उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य अवधेश कुमार अवस्थी ने कहा कि नशा करने वाला व्यक्ति मानसिक व शारीरिक रूप से अपंग हो जाता है इसलिए हमें इस नशे की आदत से दूर रहने की आवश्यकता है। नशा उन्मूलन का अर्थ है कि समाज से नशीले पदार्थ तंबाकू शराब बीड़ी सिगरेट के सेवन की लत को समाप्त करना यह एक अत्यंत आवश्यक सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी अभियान है। जिसका उद्देश्य न केवल नशे की आदत सेव्यक्तियों को स्वस्थ जीवन देना है बल्कि उनके परिवार और समाज को भी सुरक्षित बनाना है।

# मांगों को लेकर संयुक्त प्रेस क्लब ने सदर विधायक को सौंपा ज्ञापन

## - डीएम से बात करके शासन स्तर से उचित समाधान कराया जाएगा : सरिता

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। पत्रकारों, मीडिया कर्मियों की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को लेकर संयुक्त प्रेस क्लब ने शुक्रवार को सदर विधायक सरिता भदौरिया को ज्ञापन दिया और श्रीराम नवमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। संयुक्त प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेंद्र भसीन, महामंत्री सुधीर मिश्र, उपाध्यक्ष ओम रतन कश्यप, मसूद तैमूरी, अध्यक्ष इलेक्ट्रॉनिक मीडिया अन्नू चौरसिया व संगठन मंत्री रघुवीर यादव द्वारा दिए गए ज्ञापन में सदर विधायक सरिता भदौरिया से मांग की गई कि पत्रकारों की समस्याओं के समाधान और सुझाव हेतु गठित मान्यताप्राप्त पत्रकारों की जिला स्तरीय स्थायी समिति में वरिष्ठता क्रम के अनुसार सदस्यों को नामित कर निर्धारित समयांतराल पर बैठक बुलाई जाए। पत्रकारों के सम्मान, सुरक्षा और उनकी पहचान को लेकर प्रशासन स्तर पर ऐसे जांच प्रावधान लागू किए जाएं जिससे वास्तविक पत्रकारों और अमान्य अराजक गतिविधियों वाले छद्मवेशी



मीडिया कर्मियों की पहचान हो सके। कई पत्रकार साथियों को अभी तक आयुष्मान कार्ड बनकर नहीं मिले हैं। जिन्हें सूचना विभाग के माध्यम से शीघ्र बनवाया जाए। 60 वर्ष से ऊपर के मान्यता प्राप्त पत्रकारों के शासन ने पेंशन योजना के फार्म भरवाए हैं। उन वरिष्ठ पत्रकारों की पेंशन शुरू कराने की अनुशंसा की जाए। कोरोना काल के समय बन्द हुई मान्यता प्राप्त पत्रकारों को रेल यात्रा में रियायत को पुनः बहाल किए जाने की व्यवस्था की जाए तथा टोल प्लाजा पर मान्यता प्राप्त पत्रकारों को टोल टैक्स निःशुल्क करने का प्रावधान किया जाए। सूचना विभाग से मान्यता प्राप्त पत्रकारों की लिस्ट सभी विभागों में दी जाए ताकि वहां जाने पर उन्हें किसी असम्मान और असुविधा का सामना न करना पड़े। छोटे नगरों और ग्रामीण क्षेत्रों में काम करने वाले सभी पत्रकारोंध मीडियाकर्मियों की सुरक्षा एवं कवरेज सुविधाओं के साथ साथ उन्हें उनकी विशेष पारिवारिक जरूरतों के अनुसार शासन प्रशासन स्तर से आर्थिक सहायता दिलाए जाने की व्यवस्था की जाए। पत्रकारों के बैठने के लिए कलेक्ट्रेट (कचहरी) प्रांगण में उचित स्थान/कक्ष की व्यवस्था की जाए। पत्रकारों, मीडिया कर्मियों का किसी स्तर पर उत्पीड़न होने के मामले की त्वरित न्यायिक अथवा विशेष एजेंसी से जांच कराकर उनके हितों की रक्षा की जाए। सदर विधायक ने संयुक्त प्रेस क्लब के पदाधिकारियों की सभी मांगों एवं समस्याओं को सुनकर जिलाधिकारी से बात करके शासन स्तर से उचित समाधान कराए जाने का आश्वासन दिया।

# इश्क का इंस्टाग्राम से श्मशान तक का खूनी सफर

## - अटरिया में कानून को ठेंगा दिखा जला दी गई साजिश की लाश

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर, अटरिया। इसे प्रेम कहें या मौत का फंदा? कानपुर की पिंकी ने जिस इंस्टाग्राम रील को अपनी हकीकत समझकर रेवान कला के छोटू का हाथ थामा था, उसे क्या पता था कि डेढ़ साल बाद उसी प्यार की राख बिना किसी सुबूत के श्मशान में बिखेर दी जाएगी। अटरिया थाना क्षेत्र के रेवान कला गांव में 24 वर्षीय पिंकी की संदिग्ध मौत ने उत्तर प्रदेश पुलिस की कार्यप्रणाली पर ऐसे सवाल दाग दिए हैं, जिनका जवाब फिलहाल बीमारी के खोखले दावों के पीछे छिपाया जा रहा है। मामले में सबसे सनसनीखेज पहलू अंतिम संस्कार की वह हड़बड़ी है, जो सीधे तौर पर साक्ष्यों को मिटाने की ओर इशारा करती है। शुक्रवार तड़के 3.30 बजे तबीयत बिगड़ना और सुबह 7 बजे तक लाश का पंचतत्व में विलीन हो जाना? आखिर ऐसी क्या कयामत आ गई थी कि पुलिस को सूचना देना या पोस्टमार्टम कराना जरूरी नहीं समझा गया? मृतका के परिजनों को सूचित किए बिना आनन–फानन में चिता को आग देना यह साबित करता है कि दाल में कुछ काला नहीं, बल्कि पूरी दाल ही काली है। आज के दौर में जब सरकार गोल्डन ऑवर में इलाज का दावा करती है, तब पिंकी को अस्पताल ले जाने के लिए एंबुलेंस के बजाय ठेलिया का इस्तेमाल किया गया। ग्रामीणों के बीच दबी जुबान में चर्चा है कि यह एंबुलेंस न बुलाना कोई मजबूरी नहीं, बल्कि एक सोची–समझी श्रणनीतिश थी। एंबुलेंस बुलाने पर मामला आधिकारिक रिकॉर्ड में दर्ज हो जाता, जिससे बचने के लिए ठेलिया का सहारा लेकर मौत को रास्ते की मौत का रूप दिया गया। इंस्टाग्राम वाली दुल्हन प्यार के बड़े–बड़े वादे और रील वाली चमक धरातल पर आते ही फीकी पड़ गई थी। सूत्रों की मानें तो पिंकी को घर में बुनियादी सुविधाओं (रोटी–कपड़ा) तक के लिए मोहताज कर दिया गया था। वह अपना पेट पालने के लिए गांव के दूसरे घरों में झाड़ू–पोछा और बर्तन करने को मजबूर थी। जिस महिला को ग्रामीणों ने रात तक स्वस्थ देखा, वह अचानक तड़के सुबह बीमार होकर मर कैसे गई? इस पूरे प्रकरण में अटरिया पुलिस की भूमिका कठघरे में है। प्रभारी निरीक्षक राकेश गुप्ता का बयान कि परिजनों ने बीमारी की बात कही है यह दर्शाता है कि पुलिस केवल एक पक्ष की कहानी सुनकर मामले पर मिट्टी डालना चाहती है। रेवान कला की गलियों में सन्नाटा है, लेकिन यह सन्नाटा चीख–चीख कर कह रहा है कि पिंकी की मौत स्वाभाविक नहीं थी। अगर उच्चाधिकारियों ने हस्तक्षेप नहीं किया, तो एक और बेटी का इंसाफ अटरिया की फाइलों में श्बीमारीश बनकर दफन हो जाएगा। वह अनुत्तरित सवाल जो खाकी को कटघरे में खड़ा करते हैं।



# मनरेगा में खेल! तीन ग्राम पंचायतों में फर्जी मस्टर रोल से घोटाला उजागर

## - लोकपाल की जांच में प्रथम दृष्टया दोष सिद्ध, वसूली व कार्रवाई की संस्तुति

## - नोटिस के बाद भी नहीं दिए गए अभिलेख

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। विकास खण्ड रेउसा की ग्राम पंचायत रेउसा, रामीपुर गोंडवा व सिकौहा में मनरेगा कार्यों में बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। लोकपाल मनरेगा द्वारा की गई जांच में प्रथम .ष्टया आरोप सही पाए गए हैं, जिसके बाद संबंधित ग्राम पंचायत सचिव, तकनीकी सहायक, ग्राम प्रधान व ग्राम रोजगार सेवकों के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति की गई है। शिकायतकर्ता पवन कुमार सिंह निवासी फूलपुर (कमलापुर) द्वारा 3 दिसंबर 2025 को शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि मनरेगा कार्यों में फर्जी मस्टर रोल और डबल रोल फोटो अपलोड कर धन का गबन किया जा रहा है। शिकायत के आधार पर लोकपाल ने संबंधित अधिकारियों से बार–बार अभिलेख व स्पष्टीकरण मांगा, लेकिन कई नोटिस जारी होने के बावजूद किसी भी पक्ष द्वारा कोई संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। जांच में सामने आया कि ग्राम पंचायत रेउसा में मस्टर रोल संख्या 6506 व 6507 के माध्यम से मात्र तीन दिन में 354 श्रमिक दर्शाकर 89,208 का फर्जी भुगतान किया गया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत रामीपुर गोंडवा में मस्टर रोल 6705 व 6706 में 150 श्रमिकों के नाम पर दो दिन में 37,800 का गबन किया गया। वहीं ग्राम पंचायत सिकौहा में मस्टर रोल 6787 व 6789 के जरिए 132 श्रमिकों के नाम पर 33,264 की धनराशि का फर्जीवाड़ा सामने आया है। लोकपाल डॉ. अरविंद प्रताप सिंह यादव ने अपनी जांच आख्या में स्पष्ट किया है कि संबंधित अधिकारियों व कर्मियों द्वारा अभिलेख न प्रस्तुत करना मनरेगा अधिनियम 2005 का उल्लंघन है, जिससे प्रथम .ष्टया दोष सिद्ध होता है। उन्होंने सभी दोषियों से 1रू3 के अनुपात में धन की वसूली करने, ग्राम रोजगार सेवकों पर 1000 का अर्थदंड लगाने तथा संबंधित के खिलाफ विभागीय व कानूनी कार्रवाई की संस्तुति की है। इस पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि आखिर नोटिस पर नोटिस के बावजूद जिम्मेदारों ने चुप्पी क्यों साधे रखी? क्या इस घोटाले में और भी बड़े चेहरे शामिल हैं? अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में कितनी सख्ती दिखाता है और दोषियों पर कब तक कार्रवाई होती है।

### इनसेट–

– आखिर नोटिस पर नोटिस के बावजूद जिम्मेदारों ने अभिलेख क्यों नहीं दिए?

– क्या बिना सांठगांठ के इतने बड़े स्तर पर फर्जी मस्टर रोल संभव है?

– कागजों पर मजदूर और जमीनी हकीकत में काम नदारद, जिम्मेदार कौन?

– क्या विभागीय अधिकारियों की भूमिका भी जांच के दायरे में आएगी?

– पहले की शिकायतों पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई?

– क्या इस बार दोषियों पर वाकई कड़ी कार्रवाई होगी या मामला फिर ठंडे बस्ते में जाएगा?

# यूल की अफवाह से अफरा-तफरी, पेट्रोल पंपों पर उमड़ी भीड़

## - पेट्रोल पंपों पर यूल लिमिट तय, दोपहिया 100 तो कार को 1000 रुपए ही मिल रहा ईंधन

न्यूज वाणी ब्यूरो

अटरिया, सिधौली सीतापुर। शुक्रवार की सुबह जिले के लिए दोहरी चुनौती लेकर आई। एक ओर आसमान से हो रही हल्की बूंदाबांदी ने मौसम बदला, तो दूसरी ओर पेट्रोल–डीजल के दामों में बढ़ोतरी और किल्लत की अफवाहों ने शहर की रतार पर ब्रेक लगा दिया। अफवाह फैलते ही पूरे जनपद के पेट्रोल पंपों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे आम जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया। पंपों पर श्नो स्टॉकश का शोर और लंबी कतारें शहर के मुख्य चौराहों से लेकर नेशनल हाईवे तक स्थिति बेहद तनावपूर्ण रही। अटरिया क्षेत्र के रिलायंस पेट्रोल पंप, सिधौली हाईवे पर स्थित एनआरएल पंप और इंडियन ऑयल के आउटलेट्स पर सुबह से ही सैकड़ों की संख्या में बाइक और कार सवार जुटने लगे। कई स्थानों पर पंप संचालकों द्वारा श्ईंधन खत्मश होने की बात कही गई, जिससे लोगों का गुस्सा भड़क उठा। प्रकाश पेट्रोल पंप समेत शहर के अन्य पंपों पर



स्थिति को संभालने के लिए प्रशासन को भारी पुलिस बल तैनात करना पड़ा। राशनिंग से बढ़ा संकटरू 100 रुपये के पेट्रोल की लिमिट भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कई पंप संचालकों ने ईंधन की बिक्री पर सीमा (रैशनिंग) लगा दी। वाहन स्वामियों ने शिकायत की किरू बाइक सवारों को केवल ध100 का पेट्रोल दिया जा रहा है। कार स्वामियों को ध1000 तक की सीमा में बांध दिया गया है। इससे सबसे ज्यादा असर स्विगी, जोमैटो और रैपिडो जैसे डिलीवरी पार्टनर्स पर पड़ा है। राइडर इकबाल ने बताया, ष्हमें दिनभर में 150 किमी चलना होता है, ध100 के पेट्रोल में काम कैसे चलेगा? वहीं, जागरूक नागरिक राजेश का मानना है कि पैनिक बाइंग और जमाखोरी की वजह से असली जरूरतमंद परेशान हो रहे हैं। प्रशासन की अपील अफवाहों पर न दें ध्यान बढ़ते हंगामे को देखते हुए जिलाधिकारी राजा गणपति आर ने मोर्चा संभाला। उन्होंने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहारू जिले में पेट्रोल, डीजल और गैस का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। लोग अफवाहों के झांसे में न आएं और बेवजह पैनिक होकर पंपों पर भीड़ न लगाएं। निष्कषर्रू फिलहाल प्रशासन की मुस्तैदी से स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन अफवाहों ने एक बार फिर व्यवस्था की संवेदनशीलता को उजागर कर दिया है।

# सम्राट अशोक जयंती पर निकाली भव्य शोभा यात्रा

न्यूज वाणी ब्यूरो



संदना, सीतापुर। रामगढ़ चीनी मिल के ग्राम गोमिदापुर में विश्वविजेता अखंड भारत के निर्माता प्रजाप्रति पालक चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान की पावन जयंती के अवसर पर क्षेत्र में स्थित बुद्ध बिहार सम्राट अशोक स्तंभ स्मारक गोमिदापुर में एक ऐतिहासिक शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यह विशाल शोभा यात्रा गोमिदापुर से प्रारंभ होकर सरैंया, पहला चौराहा, रामगढ़ मेन गेट से होते हुए गंगापुर, गनेशपुर एवं कैलाश आश्रम मार्ग से होते हुए कोदिकापुर में अनुज मौर्य द्वारा आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर यात्रा सम्पन्न हुई। पूरे मार्ग में मौर्य समाज के लोग एवं क्षेत्रवासियों का जोश, उत्साह देखने को मिला जगह–जगह पुष्पवर्षा कर शोभा यात्रा का स्वागत किया गया, जिससे वातावरण पूर्णतः भक्ति और गौरव से ओत–प्रोत हो उठा। इस शोभा यात्रा में सम्राट अशोक के जीवन, उनके धम्म नीति तथा भगवान बुद्ध के उपदेशों पर आधारित गीतों पर झूमते हुए लोग बाइक और कार से पूरी शोभा यात्रा को और भव्य बना रहे थे। इस शोभा यात्रा ने अहिंसा, करुणा, दया और सत्य के संदेश को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया, जो उपस्थित जनसमूह के लिए अत्यंत प्रेरणादायक सिद्ध हुआ। बच्चों, युवाओं, महिलाओं एवं बुजुर्गों.सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी ने इस आयोजन को एक ऐतिहासिक शोभा यात्रा का रूप दे दिया। सम्राट अशोक महान, जिन्होंने कलिंग युद्ध के पश्चात हिंसा का मार्ग त्यागकर धम्म, शांति और मानव कल्याण का मार्ग अपनाया, आज भी सम्पूर्ण मानवता के लिए एक अमिट प्रेरणा हैं। उनके आदर्श वर्तमान समय में भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके शासनकाल में थे। इस अवसर पर आयोजक अंकित मौर्य राममिलन मौर्य, सुदर्शन लाल भारती, वीपी हंस, श्यामा कुमार मौर्य, लोकनाथ मौर्य, विष्णु मौर्य एडवोकेट दिनेश मौर्य, निर्दोष शास्त्री, संतोष मौर्य, डॉ रवि मौर्य, अनुज मौर्य, नंदकिशोर यादव, संजय यादव, अनूप यादव, डॉ रामसेवक मौर्य, बनवारी लाल मौर्य अशोक मौर्य, अरविंद मौर्य, महेंद्र मौर्य, धर्मेंद्र मौर्य, अखिल मौर्य, राजेश मौर्य, विजय मौर्य, गोविंद प्रसाद मौर्य, पवन मौर्य, सूरज मौर्य, संग्राम सिंह मौर्य, इंद्रपाल मौर्य आदि सैकड़ों लोग शोभा यात्रा में सम्मिलित हुए।

# पेट्रोल पंप पर तेल लेने जा रहे विकलांग की सड़क दुर्घटना में मौत

## – यूल की अफवाह से टंकियों पर उमड़ी भीड़

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। जनपद के तंबौर थाना क्षेत्र के औंरी शाहपुर निवासी विकलांग बदलू पुत्र शकूर उम्र 70 वर्ष अपनी ट्राई साइकिल से तंबौर पेट्रोल पंप पर डीजल लेने जा रहे थे। तभी तंबौर रतनगंज मार्ग पर स्थित सांई पेट्रोल पंप के पास किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गए। गांव के ही निवासी इरफान अपना ऑटो लेकर तंबौर की तरफ आ रहे थे जिन्होंने घ्यायलावस्था में बुजुर्ग को सड़क किनारे पड़े हुए देखा। ऑटो चालक ने बुजुर्ग को अपने ऑटो में बिठाकर सीएचसी पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद विकलांग बुजुर्ग की मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।



# भ्रष्टाचार की जांच करने जिले से आई टीम

न्यूज वाणी ब्यूरो

चौडागरा, फतेहपुर। मलवा विकास खंड के हरदौलपुर गांव में वित्तीय अनियमितताओं और गांव के विकास कार्यों में लापरवाही पर गांव द्वारा की गई शिकायत की जांच करने के लिए जिलाधिकारी द्वारा गठित टीम जांच करने पहुंची गांव टीम मे शालीम खाँ जिला प्राधिक्षण अधिकारी, जिला लेखा अधिकारी, अधिशासी अभियंता सिचाई विभाग टीम ग्राम हरदौरपुर मे पहुंच कर ग्राम प्रधान सें सारे दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा टीम में शामिल अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड जिला लेखा प्राधिकरण अधिकारी सलीम खान सहित तीन सदस्य टीम गांव में पहुंचकर ग्रामीणों से पूछताछ की गई है और अभिलेखों की जांच की गई है अब टेक्निकल जांच होते ही रिपोर्ट डीपीआरओ को सौपी जाएगी। वही गांव में इस जांच के बाद हड़कंप मचा रहा शिकायतकर्ता ने बताया कि जांच टीम आई थी ग्राम प्रधान की शिकायत किया गया था जिसमें तमाम बिलों को एक ही जगह से बनाया गया है काफी कार्यों में भ्रष्टाचार हुआ है। अपने ही घर के अकाउंट मे पैसा ट्रांसफर किया गया है जिसकी शिकायत की गई थी जिस पर आज जिलाधिकारी टीम द्वारा गठित जांच टीम आई थी और जांच किया है वहीं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने बताया कि जांच टीम आई थी जो भी पूछताछ किया है उनके सवालों का जवाब और अभिलेख दिखाए गए हैं। टीम अब जांच करके वापस गई है अब टेक्निकल जांच के बाद ही रिपोर्ट उच्च अधिकारी तक दी जाएगी। वही शिकायतकर्ता नें कहा कि अभी जांच बराबर चलती रहेगी वही मौके पर कल्यान सिंह गौर, शिकायत करता जीतेन्द्र सिंह और गांव के लोग मौके मे रहे है शिकायत कर्ता नें बताया की जितना भी भ्रष्टाचार है उसे मै उजागर करके ही रहुगा उन्होंने बताया की सरकारी धन का दुरूपयोग किया गया है इसकी मै जांच कराकर ही रहूंगा।



फतेहपुर के डा. जमाल चश्मे वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्मे वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213
एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# तमंचा के साथ वीडियो वायरल करने वाला गिरफ्तार

फोटो परिचय–26

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध शस्त्रों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा अवैध तमंचे के साथ वीडियो वायरल करने वाले अभियुक्त को गिरतार कर लिया गया है, अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा बरामद हुआ है।

गौरतलब हो कि थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम महोखर के रहने वाले एक विपिन नामक एक युवक का अवैध तमंचे से साथ एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसको थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा संज्ञान में लेते हुए अभियुक्त को उसके घर के गिरतार किया गया तथा कड़ाई से पूछताछ करते हुए उसकी निशादेही पर उसके अर्धनिर्मित मकान से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किया गया। बता दें कि अभियुक्त ने वर्ष 2023 में अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर अपने पिता की हत्या की थी। जिसे गिरतार कर जेल भेजा गया था और वर्तमान में वह जमानत पर बाहर था। पकड़े गए अभियुक्त विपिन पुत्र शत्रुघन निवासी महोखर थाना कोतवाली देहात के विरुद्ध मु0अ0सं0– 75/26 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली देहात में अभियोग दर्ज किया गया है। पकड़ने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष कोतवाली देहात चन्द्र प्रकाश तिवारी, उ0नि0 दुर्विजय सिंह, हे0कां0 नीरज यादव, कां0 रवि कुमार, म0कां0 सोनाली गौतम शामिल रहे।

# नदी में डूबने से दो बच्चियों की मौत

**– भैंस के ऊपर बैठकर नदी में गिरने से हुई बच्चियों की मौत**

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। थाना पैलानी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम खैरई से सूचना प्राप्त हुई कि तीन बच्चियां अपने गांव में भैंस को पानी पिलाने केन नदी की तरफ ले गई और खेल–खेल में भैंस पर बैठकर जब नदी के अन्दर गई तो इनमें से 02 बच्चियां पानी में गिर गई, तीसरी बालिका द्वारा जब तत्काल सूचना दी गई तो थाने की फोर्स द्वारा ग्रामीणों की मदद से बच्चियों को निकालकर अस्पताल ले जाया गया तो उनकी दुःखद मृत्यु हो चुकी थी। दोनों बच्चियों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम हेतु भेजा गया है। आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है। इस सम्बन्ध में क्षेत्राधिकारी सदर राजवीर सिंह गौर द्वारा जानकारी दी गई है।

# रात्रि चैता में लोकगीत के कलाकारों ने पेश किए कार्यक्रम

न्यूज वाणी ब्यूरो

सेवराई। तहसील क्षेत्र के स्थानीय बाजार में रामनवमी के पर्व पर राज क्लब युवा मंडल के तत्वधाम में गुरुवार की रात्रि चौता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र से आए तमाम लोकगीत कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति और देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत राज क्लब के अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद इसरार अहमद के द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। लोकगीत कलाकार सचिन शर्मिला, कुमार साहिल, चन्दन प्रजापति, मोनू सिंह, मुबारक प्रजापति, अंजली भारद्वाज चंदौली, प्रीति राज आजमगढ़ के द्वारा एक से बढ़कर एक भक्ति गीत एवं देवी गीत प्रस्तुत कर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया गया। वहीं सचिन शर्मिला ने देवी गीत चुंनमुनिया लागे मइया मोर, गहमर के माई कामाख्या गाकर लोगो को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मो इसरार ने सभी आयोजन कर्ताओ को इस सफल आयोजन के लिए आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन कुमार साहिल ने किया। इस मौके पर सोनू अग्रहरि, मनोज गुप्ता, अनिल गुप्ता, संदीप शर्मा, विशाल चंद्रवंशी, अभिषेक नंदन सिंह, रिशु सिंह, आशीष सिंह, यश कुमार, निशु कुमार, सोनू, मनोज कुमार राजू कुमार, अनिल कुमार आदि सहित गणमान्य लोग और भारी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।



# शिक्षामित्र की असामयिक मौत से गांव में शोक

**– परिजनों को सहायता दिलाने की उठी मांग**

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के ग्राम बावरा में शिक्षामित्र राम सुमेर गौतम के निधन के बाद शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार वह जूनियर हाईस्कूल में शिक्षामित्र के पद पर कार्यरत थे और वर्तमान में एसआईआर ड्यूटी में लगे हुए थे। घटना की सूचना मिलते ही बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष वीर प्रकाश लोधी (एडवोकेट) के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मृतक के आवास पहुंचे तथा शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद रहे। मौके पर विधानसभा अध्यक्ष मनोज गौतम, महासचिव गुलाब पासी, नगर अध्यक्ष गाजी अब्दुर्रहमान गनी, ग्राम प्रधान प्रेम शंकर गौतम सहित कई लोग उपस्थित रहे। प्रशासन की ओर से एसडीएम सदर और तहसीलदार सदर ने भी पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। परिजनों की ओर से मृतक की पत्नी रेशमा देवी और उनकी तीन बेटियों के भविष्य को लेकर प्रशासन से सहायता की मांग की गई। प्रमुख मांगों में परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी, किसान दुर्घटना बीमा के तहत 5 लाख रुपये तथा मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता प्रदान करने की बात रखी गई। इस पर उप जिलाधिकारी सदर ने आश्वासन दिया कि संबंधित मांगों पर जल्द ही आवश्यक कार्रवाई करते हुए नियमानुसार सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। प्रशासनिक भरोसे के बाद परिजनों और ग्रामीणों में सहमति बनी, जिसके बाद मृतक का अंतिम संस्कार किया गया।



# जिले को सौगात : 91 नए पंचायत भवन व 187 आंगनबाड़ी केंद्रों का बिछा जाल

**- पंचायत घरों के निर्माण से ग्रामीणों को घर के पास मिलेंगी सरकारी सुविधाएं**

**- 187 नए आंगनवाड़ी केंद्रों से अब सुधरेगा बच्चों का भविष्य, 29 नए केंद्रों को मिली मंजूरी**

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। प्रदेश की योगी सरकार गावों के विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इसी क्रम में जिले को विकास का रोल मॉडल बनाने की दिशा में प्रशासन ने अब कमर कस ली है। सरकार ने जिले में 91 नए पंचायत घरों और 187 आंगनबाड़ी केंद्रो को बनवाया है। जिससे न केवल गांवों की बुनियादी सुविधाओं में सुधार होगा। बल्कि सरकार द्वारा चलाई जा रही तमाम जनकल्याणकारी योजनाएं भी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेंगी। 91 नए पंचायत भवनों से लिखी जाएगी उन गावों के विकास की लकीर पहले जहां पंचायत घरों (सचिवालय) में सामान्य व्यवस्थाएं होती थी। तो वहीं जिले में 91 नए पंचायत घरों के निर्माण से ग्रामीण सचिवालयों के प्रति जो अवधारणा है वह बदलेगी। इन भवनों के माध्यम से ग्रामीणों को आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र जैसी जरूरी डिजिटल सेवाओं के लिए अब शहर के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और गांव के विकास की कार्ययोजनाएं स्थानीय स्तर पर ही तेजी से क्रियान्वित की जा सकेंगी। जिसको लेकर तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। योगी सरकार ने बनवाये 187 आंगनबाड़ी केंद्र, संवर रहा बच्चों का भविष्य मासूम बच्चों के बेहतर पोषण और उनकी प्राथमिक शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए जिले भर में 187 नए आंगनबाड़ी केंद्रों का जाल बिछाया जा रहा है। जरूरी बात यह है कि आगामी वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए भी 29 नए आंगनबाड़ी केंद्रों को शासन से हरी झंडी मिल गई है। जिनके बन जाने के बाद कुपोषण के खिलाफ लड़ाई और भी बेहतर तरह से लदी जा सकेगी। वहीं यहां पर बच्चों को खेल के साथ उनको अच्छे माहौल में प्रारंभिक शिक्षा भी दी जाएगी। निर्माण कार्यों में तेजी लाने और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए शासन ने क्षेत्र पंचायतों को कार्यदायी संस्था नामित किया है। वहीं विभागीय कन्वर्जेंस के माध्यम से निर्धारित धनराशि सीधे कार्यदायी संस्था को हस्तांतरित कर दी गई है। जिलाधिकारी के निर्देशन में चल रहे इन प्रोजेक्ट्स का मुख्य उद्देश्य समयबद्ध तरीके से निर्माण कार्य पूर्ण कर जनता को समर्पित करना है।

# झोलाछाप डॉक्टरों पर स्वास्थ्य विभाग ने मारा छापा

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। सीएमओ बृजेंद्र सिंह ने पैलानी तहसील क्षेत्र के खप्टिहाकला में झोलाछाप डॉक्टरों की नकेल कसने के लिए दो सदस्यीय टीम भेजी थी जैसे ही टीम खप्टिहाकला में पहुंची वहां करीब आधा दर्जन निजी अस्पतालों में काम कर रहे झोलाछाप डॉक्टरों में हड़कंप मच गया आनन फानन में डॉक्टरों की टीम देखकर झोलाछाप डॉक्टरों ने अस्पताल की सटर गिरा कर भाग खड़े हुए वहीं दो सदस्यीय स्वास्थ्य विभाग की टीम रपरा गंज मोहल्ले पहुंची जहां पर पंकज चतुर्वेदी नही मिले वहीं घर में चला रहे अस्पताल पर छापा मारा और छापे के दौरान मुख्य मुख्य चिकित्साधिकारी का पंजीकरण न पाया जाना, बिना किसी चिकित्सीय योग्यता के चिकित्सीय व्यवसाय किया जाना, निरीक्षण के समय क्लीनिक चिकित्सा संस्थान पैथोलॉजी लैब पर कोई भी योग्य चिकित्सक उपलब्ध न पाया जाना, एलोपैथिक पद्धति से चिकित्सा व्यवसाय किया जाना, मानक विहीन अस्पताल संचालित करना, अग्निशमन प्रमाण पत्र एवं बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट का प्रमाण पत्र उपलब्ध न करा पाना, मानक के अनुरूप चिकित्सीय पैरामेडिकल स्टाफ नर्सिंग स्टाफ का न पाया जाना आदि शर्तों के उल्लंघन पर दरवाजे पर नोटिस चश्पा कर तीन दिन के अंदर चिकित्सा व्यवसाय से संबंधित शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, भारतीय चिकित्सा परिषद लखनऊ का रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र, मुख्य चिकित्सा अधिकारी बांदा द्वारा प्रदत्त पंजीकरण प्रमाण पत्र कार्यालय में उपस्थित कराया जाने को लेकर संबंधित नोटिस में निर्देश दिए गए हैं वही ऐसा ना पाए जाने पर इंडियन मेडिकल कॉउंसिल एक्ट की 1956 की धारा 15(3) भारतीय दंड संहिता की धारा 319(2) एवं 318 (3) पर मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। सीएमओ ब्रिजेंद्र सिंह ने बताया कि पैलानी तहसील क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों पर लगातार कार्यवाही की जाएगी और शर्तों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराकल कठोर कार्रवाई की जाएगी।




# सड़क हादसे में पंचायत मित्र की मौत, गांव में शोक की लहर

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। तहसील नानपारा क्षेत्र अंतर्गत विकास खंड बलहा के ग्राम नरायनपुर कला में पंचायत मित्र पद पर कार्यरत दिनेश कुमार की सड़क हादसे में घायल होने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनेश कुमार किसी आवश्यक कार्य से बाहर गए हुए थे, इसी दौरान वह एक सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए। गंभीर रूप से घायल अवस्था में उन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें बचाने का हर संभव प्रयास किया, लेकिन इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। दिनेश कुमार न केवल पंचायत मित्र के रूप में प्रशासन और ग्रामीणों के बीच सेतु थे, बल्कि एक मिलनसार और कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति के रूप में भी जाने जाते थे। उनकी असमय मृत्यु से ग्राम पंचायत के कार्यों पर भी गहरा प्रभाव पड़ा है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं गांव के लोगों और पंचायत प्रतिनिधियों ने शोक संवेदना व्यक्त की। स्थानीय जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता और सरकारी मुआवजा दिलाए जाने की मांग उठने लगी है। इस दुखद हादसे ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और दुर्घटनाओं की भयावहता को उजागर कर दिया है। पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है और हर आंख नम है। परिजनों ने पूरे सम्मान के साथ मृतक के पैत्रिक निवास नरायनपुर कला में आज अंतिम संस्कार करवा दिया इस मौके पर ग्राम पंचायत सचिव शाहिद अली, शहनवाज, तकनीकी सहायक अफसर अली, सहजराम, रोजगार सेवक मुबारक खान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नसीम खान इब्राहिम बीडीसी सहित पंचायत मित्र संगठन के लोग मौजूद रहे।

# 59 वीं वाहिनी में चैत्र नवरात्र का समापन, हवन व विशाल भंडारे का आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानपारा, बहराइच। 59 वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल मुख्यालय नानपारा के प्रांगण में चल रहे चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व का पूर्ण श्रद्धा, उल्लास एवं आध्यात्मिक गरिमा के साथ समापन हुआ। विदित हो कि इस पुनीत अनुष्ठान का शुभारंभ बीते 19 मार्च को पूर्ण विधि–विधानपूर्वक कलश स्थापना के साथ किया गया था। नवरात्रि पर्व के समापन अवसर पर श्री पंकज कुमार ठाकुर, द्वितीय कमान अधिकारी (कार्यवाहक कमांडेंट), 59वीं वाहिनी की गरिमामयी उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चारण एवं पूर्ण विधि–विधान के साथ पूर्णाहुति, वृहद हवन एवं विशेष पूजन अनुष्ठान संपन्न किया गया। पूजन के उपरांत, माँ भवानी के आशीर्वाद स्वरूप वाहिनी के समस्त कार्मिकों एवं उनके परिजनों हेतु एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।



इस अवसर पर वाहिनी के सभी वरिष्ठ अधिकारियों, अधीनस्थ कार्मिकों तथा उनके परिजनों ने पूर्ण निष्ठा एवं उत्साहपूर्वक सम्मिलित होकर माता का प्रसाद ग्रहण किया। इस सामूहिक आयोजन से संपूर्ण प्रांगण का वातावरण अत्यंत भक्तिमय एवं ऊर्जायुक्त हो गया। सशस्त्र सीमा बल द्वारा जारी बयान में कहा गया कि यह आयोजन केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक मात्र नहीं था, अपितु इसके माध्यम से सीमा पर कठिन एवं चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में सेवारत बल–कार्मिकों के मध्य असीम मानसिक शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा का प्रभावी संचार हुआ। सामूहिक पूजन एवं भंडारे जैसे आयोजनों ने वाहिनी के सदस्यों तथा उनके परिजनों के मध्य आपसी एकता, अनुशासन एवं सामूहिक सौहार्द की भावना को और अधिक प्रगाढ़ एवं सुदृढ़ किया है। अनुष्ठान के समापन पर आदिशक्ति माँ भगवती से राष्ट्र की एकता व अखंडता, बल की सर्वांगीण उन्नति तथा समस्त जवानों एवं उनके परिजनों के उत्तम स्वास्थ्य, अदम्य साहस व कल्याण हेतु विशेष प्रार्थना की गई।

# 1.46 किलोग्राम चरस के साथ नेपाली नागरिक गिरफ्तार



न्यूज वाणी ब्यूरो /बहराइच । भारत–नेपाल सीमा पर सुरक्षा और मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में 59 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की एफ समवाय, लौकाही और मोतीपुर पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। एक संयुक्त गश्ती अभियान के दौरान टीम ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास से 1.46 किलोग्राम चरस बरामद की है और एक नेपाली नागरिक को हिरासत में लिया है। विश्वसनीय खुफिया सूचना के आधार पर निरीक्षक (सामान्य दल) सुभाष चंद्र के नेतृत्व में एसएसबी की टीम और मोतीपुर थाना पुलिस ने सीमा स्तंभ संख्या 667 के समीप संयुक्त विशेष गश्ती दल तैनात किया था। शाम टीम ने एक संदिग्ध व्यक्ति को नेपाल से भारत की ओर आते देखा। सुरक्षा बलों को देखकर व्यक्ति ने भागने का प्रयास किया, जिसे मुस्तैद गश्ती दल ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। तलाशी एवं बरामदगी पकड़े गए व्यक्ति की पहचान नेत्र बहादुर शाही पुत्र नर बहादुर शाही निवासी जिला बर्दिया नेपाल के रूप में हुई। कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करते हुए ली गई तलाशी के दौरान उसके पास से 1.46 किलोग्राम अवैध चरस बरामद की गई। पूछताछ और कार्रवाई प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने यह खेप नेपाल के एक अज्ञात व्यक्ति से खरीदी थी और इसे भारत में बेचने तथा स्वयं के उपभोग के लिए ले जा रहा था। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस अधिनियम की धारा 8/21 के तहत मामला दर्ज किया गया है। आवश्यक औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद, जब्त चरस और गिरतार व्यक्ति को आगे की कानूनी कार्रवाई और जांच हेतु थाना मोतीपुर को सौंप दिया गया है।

# पूर्वजों की याद में त्रिदिवसीय मानस सम्मेलन का आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा–किशनपुर। विजयीपुर कस्बा में पूर्वजों की स्मृति में तीन दिवसीय मानस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी शुक्रवार को विधि–विधान से शुभारंभ हो गया। कस्बा निवासी आशीष त्रिपाठी, प्राणेश त्रिपाठी एवं श्रीष त्रिपाठी द्वारा अपने पूर्वज स्व. सर्वदानंद शास्त्री, स्व. रामदेवी एवं स्व. हरिदत्त त्रिपाठी की पावन स्मृति में यह आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन पेट्रोल पंप के समीप स्थित संकट मोचन मंदिर के पास किया जा रहा है, जहां श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचकर कथा एवं भजन का आनंद ले रहे हैं। यह मानस सम्मेलन तीन दिनों तक चलेगा, जिसका समापन रविवार को होगा। समापन के पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा।




# वित्तीय वर्ष के अन्तिम दिन 31 मार्च को खुला रहेगा कोषागार

**– सरकारी लेने देन करने वाली बैंक शाखाएं भी खुली रहेंगी**

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। वित्तीय वर्ष 2025–26 की समाप्ति की ओर है, जिसके कारण अन्तिम दिनों में अत्यधिक शासकीय लेन देन होना स्वाभाविक है, उक्त के .ष्टिगत शासन के निर्देश के कम में 31 मार्च महावीर जयन्ती (सार्वजनिक अवकाश) को कोषागार एवं सरकारी लेन देन का कार्य करने वाली बैंक शाखाओं को खोले जाने के आदेश जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा निर्गत किये गये हैं। डीएम श्री त्रिपाठी द्वारा समस्त आहरण वितरण अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उपरोक्त से अवगत होते हुए कोषागार पर बिल प्रस्तुति एवं बैंको पर शासकीय जमा सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित करें। डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को सचेत भी किया है कि यदि किसी आहरण वितरण अधिकारी के बजट लैप्स होने की स्थिति उत्पन्न होती है तो उसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित अधिकारी का होगा।

# आरसी जारी कर बकायेदारों से की जायेगी ऋण वसूली : डीएमओ

**– टर्मलोन योजना 1094 ;णधारकों पर बकाया हैं 1893.55 लाख**

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मो. खालिद ने बताया कि उ.प्र. अल्पसंख्यक वित्तीय एवं विकास निगम द्वारा वर्ष 1995 में प्रारम्भ की गई टर्म लोन योजना अन्तर्गत अल्पसंख्यक समुदाय के 1094 लोगों को रोजगार करने के लिए धनराशि 377.92 लाख का ऋण दिया गया था। समय से ऋण जमा न होने के कारण मूलधन सहित ब्याज बढ़कर धनराशि 1893.55 लाख हो गयी है, विभाग द्वारा बकायेदारों से सम्पर्क करने के बावजूद भी बकाया धनराशि जमा नहीं की जा रही हैं। इस स्थिति पर प्रबन्ध निदेशक, उ.प्र. अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम द्वारा जनपद में ऋण की वसूली नगण्य होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई है। श्री खालिद ने डिफाल्टर ऋणधारकों निर्देशित किया है कि 05 अप्रैल तक बकाया सभी ऋण किश्ते गेंद घर स्थित जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के कार्यालय में जमा करा दें अन्यथा की स्थिति में बकाये की धनराशि की वसूली हेतु भू–राजस्व की भांति आर.सी. जारी करने की कार्यवाही की जायेगी जिसके लिए लाभार्थी स्वयं उत्तरदायी होंगे। उन्होंने बताया कि बकाया धनराशि जमा न कराये जाने की दशा में ऋणधारक की सम्पत्ति अथवा गारन्टरों से बकाया ऋण वसूल करने हेतु नियमानुसार कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

# बाबा सत्यराम स्मारक इंटर कश्लेज में मनाई स्व. सीताराम की दूसरी पुण्यतिथि

न्यूज वाणी ब्यूरो

मुहम्मदाबाद। बाराचवर क्षेत्र के ग्राम सहजतपुर स्थित बाबा सत्यराम स्मारक सीताराम इंटर कॉलेज में बुधवार को संस्थापक स्वर्गीय सीताराम यादव की दूसरी पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के प्रबंधक एवं स्व. यादव के पुत्र बृजेन्द्र यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में लाल बिहारी यादव उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सांसद सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए। मुख्य अतिथि लाल बिहारी यादव ने अपने संबोधन में स्व. सीताराम यादव के संघर्षपूर्ण जीवन को याद करते हुए कहा कि विद्यालय की शुरुआत मात्र दो कमरों से हुई थी। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने गरीब और वंचित बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देने का संकल्प लिया और उसे साकार किया। उन्होंने कहा कि आज उनके पुत्र बृजेन्द्र यादव उसी सोच को आगे बढ़ाते हुए कम शुल्क में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करा रहे हैं। वहीं बृजेन्द्र यादव ने अपने पिता की स्मृतियों को साझा करते हुए कहा कि स्व. सीताराम यादव हमेशा इस संस्थान को समाज सेवा का माध्यम बनाए रखना चाहते थे, न कि व्यवसाय। इसी उद्देश्य के साथ आज भी विद्यालय का संचालन किया जा रहा है, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चे शिक्षा से वंचित न रहें। सेवानिवृत्त शिक्षक बनवारी कुशवाहा ने भी अपने विचार रखते हुए बताया कि स्व. यादव शिक्षा के प्रति अत्यंत समर्पित थे और उन्होंने टीन शेड व दो कमरों से विद्यालय की शुरुआत कर इसे एक मजबूत संस्थान बनाया। कार्यक्रम में महेन्द्र चौहान, पूर्व सहकारी बैंक चेयरमैन रामधारी यादव, रविन्द्र यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अंत में सभी ने स्व. सीताराम यादव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।



# लावारिस कार खून से सनी बरामद, जांच में जुटी पुलिस

न्यूज वाणी ब्यूरो

किशनपुर, फतेहपुर। थाना क्षेत्र के गढ़ा इलाके में शुक्रवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब चंदापुर स्वास्थ्य केंद्र के पास एक लावारिस कार संदिग्ध हालत में खड़ी मिली। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह ग्रामीणों ने सड़क किनारे खड़ी एक आल्टो कार को देखा। पास जाने पर कार से तेज दुर्गंध आ रही थी। जब लोगों ने अंदर झांककर देखा तो सीटें खून से सनी हुई थीं, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। कार के आसपास कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था। इसके बाद ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कार को कब्जे में लेकर थाने भिजवा दिया। कार के पिछले शीशे पर शकील अहमद सभासद लिखा हुआ है, जिससे वाहन की पहचान को लेकर जांच तेज कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। वहीं ग्रामीणों के बीच यह चर्चा भी जोर पकड़ रही है कि कार का इस्तेमाल गौ तस्करी जैसे संगठित अपराध में किया जा रहा था। आशंका जताई जा रही है कि देर रात तस्करी के दौरान वाहन खराब हो गया होगा, जिसके बाद आरोपी कार छोड़कर फरार हो गए। सूत्रों के मुताबिक, कार पर लिखे नाम के व्यक्ति से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि वाहन को खखरेरू कस्बे के मोहम्मद गुफरान नामक व्यक्ति को बेच दिया गया था। इसके बाद पुलिस अब वाहन के वास्तविक स्वामी और घटना से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी है। गौरतलब है कि इस क्षेत्र में पहले भी गौवंश के अवशेष मिलने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिससे इस मामले को और गंभीरता से देखा जा रहा है। इस संबंध में किशनपुर थानाध्यक्ष सत्यदेव गौतम ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है और जल्द ही पूरे घटनाक्रम का खुलासा किया जाएगा।



# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो



इटावा। मिशन शक्ति अभियान फेज–5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत पुलिस की शक्ति मोबाइल टीम द्वारा सिविल लाइन क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने उपस्थित महिलाओं एवं आमजन को विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। इनमें पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 व 108, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 शामिल हैं। इसके साथ ही टीम ने साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में भी विस्तृत जानकारी देते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी। बताया गया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी साझा न करें और किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। ऑनलाइन लेन–देन एवं सोशल मीडिया का उपयोग करते समय सावधानी बरतने के लिए भी प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को जागरूकता पम्पलेट वितरित कर उन्हें सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा एवं जनजागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस प्रकार के अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं, जिससे आमजन को जागरूक कर सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

# पुलिस की तत्परता से गुम बैग बरामद

## – कीमती सामान सहित बैग स्वामी को सकुशल लौटाया

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। पुलिस द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के क्रम में एक सराहनीय कार्य करते हुए गुम हुआ बैग कीमती सामान सहित बरामद कर उसके स्वामी को सकुशल सुपुर्द किया गया।



जानकारी के अनुसार 25 मार्च को रात्रि करीब 9.30 बजे जयप्रकाश मिश्रा निवासी फ्रेंड्स कॉलोनी ने थाना फ्रेंड्स कॉलोनी में सूचना दी कि वह ग्रेटर नोएडा स्थित सर्वोदय हॉस्पिटल से उपचार कराकर ट्रेन से लौटे थे। रेलवे स्टेशन से घर जाते समय रास्ते में सब्जी खरीदते वक्त उनका बैग कहीं छूट गया, जिसमें जीवनरक्षक दवाइयां, मोबाइल फोन व अन्य कीमती सामान रखा था। सूचना मिलते ही थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस ने तत्काल संज्ञान लेते हुए खोजबीन शुरू की। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गुम हुआ बैग संपूर्ण सामान सहित बरामद कर पीड़ित को सुपुर्द कर दिया। अपना बैग सुरक्षित वापस पाकर पीड़ित ने इटावा पुलिस की तत्परता एवं कार्यशैली की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। पुलिस द्वारा लगातार आमजन की सहायता एवं समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं, जिससे जनता का विश्वास और मजबूत हो रहा है।

# महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर व साइबर सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति अभियान फेज–5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत पुलिस द्वारा थाना भरेह क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने उपस्थित महिलाओं एवं अन्य लोगों को विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। इनमें पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 व 108, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 शामिल हैं। इसके अतिरिक्त टीम द्वारा साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए लोगों को सचेत किया गया। बताया गया कि किसी भी अंजान व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी साझा न करें और किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। साथ ही ऑनलाइन लेन–देन एवं सोशल मीडिया के उपयोग के दौरान विशेष सतर्कता बरतने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को जागरूकता पम्पलेट वितरित कर सुरक्षा उपायों के बारे में विस्तार से बताया गया। इटावा पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा एवं जनजागरूकता को बढ़ावा देने के लिए इस प्रकार के अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं, जिससे आमजन में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ रही है।



## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र हर्ष कुमार जन्म दिनाकं 13.12.2020 को घर पर हुआ था। पिता का नाम रमेश चूंद्र है। अज्ञानतावश मेरे पुत्र का जन्म पंजीकरण रजिस्टर में नाम दर्ज नही हो सका था। मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नही बना है। किसी प्रकार का वाद विवाद उत्पन्न होने के कारण उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी। रमेश चंद्र पुत्र जथाराम निवासी ग्राम गाजीपुर, ब्लाक बहुआ जनपद फतेहपुर उ0प्र0।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम अखिलेश (Akhilesh) था। अब मैनें अपना नाम बदलकर अखिलेश कुमार (Akhilesh Kumar) कर लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नए नाम अखिलेश कुमार के नाम से जाना व पहचाना जाए। क्योकि मेरा सही नाम अखिलेश कुमार आधार कार्ड में दर्ज है। अखिलेश कुमार पुत्र गंगा प्रसाद निवासी विलंदपुर, बिलान्दपुर, जिला फतेहपुर उ0प्र0 212601

# जिला पंचायत बोर्ड बैठक में जनहित के मुद्दों पर जोर

## - सड़कों, बिजली, जलभराव व रोजगार से जुड़ी समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक यादव की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में जिला पंचायत बोर्ड की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं सदस्यों ने जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों को प्रमुखता से उठाया और उनके शीघ्र समाधान की मांग की। बैठक के दौरान ऊसराहार से गंगापुर रोड की जर्जर स्थिति पर चिंता जताते हुए गड्ढों की तत्काल मरम्मत कराने के निर्देश दिए गए। वहीं ताखा कस्बे से ऊसराहार–किशनी मार्ग पर नाली के अभाव में हो रहे जलभराव की समस्या को गंभीरता से लेते हुए नाली निर्माण कराने की बात कही गई। बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए सदस्यों ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के बिलों के निस्तारण में ही 3–4 माह लग जाते हैं, जिससे आम जनता की परेशानी का सहज अनुमान लगाया जा सकता है। इस पर विभाग को शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए। सेवायोजन विभाग की समीक्षा में रोजगार मेलों के बाद अभ्यर्थियों की निगरानी व्यवस्था को कमजोर बताया गया। इस पर प्रभावी मॉनिटरिंग प्रणाली लागू करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत कोविड काल में अनाथ हुए बच्चों को दी जाने वाली सहायता की



प्रक्रिया को सरल बनाने पर भी जोर दिया गया। बैठक में यह सुझाव भी दिया गया कि भविष्य की बैठकों में पुलिस विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य की जाए, ताकि कानून–व्यवस्था से जुड़े मुद्दों का भी समाधान हो सके। जल निगम की पेयजल योजनाओं में पाइपलाइन डालने के बाद सड़कों की मरम्मत न होने और जलापूर्ति शुरू न होने की समस्याओं पर संबंधित विभाग को शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। कुछ अधिकारियों द्वारा लापरवाही बरतने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा गया कि इससे सरकार की छवि प्रभावित होती है। पीडब्ल्यूडी सड़कों के शिलान्यास कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा का मुद्दा भी उठाया गया। भोगनी क्षेत्र में अत्यधिक मिट्टी उठान से पेड़ों की जड़ें उजागर होने की समस्या पर रोक लगाने की मांग की गई। वहीं भट्टा मानपुर सहित अन्य क्षेत्रों में ईंट भट्ठों के कारण उड़ती धूल से सड़कों की खराब स्थिति और दुर्घटनाओं की आशंका पर भी चिंता व्यक्त की गई। आगामी 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के मद्देनजर अंबेडकर पार्कों की साफ–सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सांसद प्रतिनिधि मनोज बंटी यादव ने अधिकारियों की बैठक में अनुपस्थिति और समस्याओं के प्रति उदासीनता पर सवाल उठाए। इस पर अध्यक्ष ने सभी अधिकारियों को बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए। एकदिल क्षेत्र में खारवी नाले में शहर का नाला जोड़े जाने से उत्पन्न गंदगी और जल निकासी की समस्या पर भी चर्चा हुई। नाले की नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। भर्थना क्षेत्र में बिजली बिल से परेशान एक व्यक्ति द्वारा आत्महत्या की घटना पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए ऐसी समस्याओं के त्वरित समाधान पर जोर दिया गया। बैठक के अंत में अध्यक्ष अभिषेक यादव ने कहा कि जिला पंचायत का कार्यकाल पूर्ण होने की ओर है, लेकिन विकास कार्य निरंतर चलते रहने चाहिए। उन्होंने सभी अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से जनपद के समग्र विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया। बैठक में सांसद प्रतिनिधि मनोज बंटी यादव, सदर विधायक प्रतिनिधि सचिन यादव, भरथना विधायक प्रतिनिधि जीतू यादव, ब्लॉक प्रमुख ताखा ध्रुव यादव, जिला पंचायत सदस्यगण, अपर मुख्य अधिकारी स्वाति जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# द नारी पावर नाइट में नारी शक्ति का हुआ सम्मान

## - सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और सम्मान समारोह ने बांधा समां

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। नवरात्रि के पावन अवसर पर मां देवी भोजेश्वरी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगला भिखन भतौरा में द नारी पावर नाइट कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा सरस्वती मां की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं आरती के साथ किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने देवी स्वरूप की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। भव्य झांकियों और आकर्षक नृत्य ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में नारी सम्मान को विशेष महत्व देते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, सेना, कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली करीब एक दर्जन महिलाओं को सम्मानित किया गया। संस्थान के निदेशक एडवोकेट निखिल शाक्य ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि संस्थान का उद्देश्य केवल शिक्षा प्रदान करना नहीं, बल्कि समाज में नारी सम्मान और सशक्तिकरण की भावना को मजबूत करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नायब नाजिर प्रेम सिंह शाक्य ने कहा कि नारी समाज की आधारशिला है और उनके सशक्त होने से ही राष्ट्र का समग्र विकास संभव है। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रबंधक एवं सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं और यह कार्यक्रम उन्हें सम्मान देने का प्रेरणादायक मंच है। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी प्रेम कुमार शाक्य ने कहा कि नारी केवल परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे समाज की शक्ति है और बेटियों को अवसर व सम्मान देना आवश्यक है। राष्ट्रीय एथलीट दीपी सिंह ने कहा कि महिलाएं खेल सहित हर क्षेत्र में अपनी मेहनत और लगन से नई ऊंचाइयों को छू रही हैं। यदि बेटियों को सही मार्गदर्शन और अवसर मिले तो वे देश का नाम रोशन कर सकती हैं। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि संस्थान की पूर्व छात्राओं, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में सफलता प्राप्त की




है, उन्हें भी सम्मानित किया गया। जो छात्राएं उपस्थित नहीं हो सकीं, उनके अभिभावकों को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया, जिससे कार्यक्रम भावनात्मक रूप से और भी प्रभावशाली बन गया। नवरात्रि के उपलक्ष्य में छात्राओं ने नौ देवियों के स्वरूप में अद्भुत प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के अंत में डांडिया नृत्य का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह आयोजन नारी शक्ति के सम्मान और सशक्तिकरण का सशक्त संदेश देते हुए समाज को नई प्रेरणा देने में सफल रहा।

# अवैध केमिकल कारोबार का खुलासा, पत्रकारों से बदसलूकी का आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो

मुम्बई। ठाणे दहिसर मोरे स्थित ठाकुर पाड़ा इलाके में अवैध केमिकल कारोबार और उससे जुड़े माफिया के खिलाफ गंभीर आरोप सामने आए हैं। करीब 10 हजार की आबादी वाले इस इलाके में बड़ी संख्या में गरीब तबके के लोग निवास करते हैं, जो कथित रूप से इस खतरनाक गतिविधि से प्रभावित हो रहे हैं। अवैध भट्टियां और जहरीले केमिकल का खेल,स्थानीय सूत्रों के अनुसार, वन विभाग की जमीन पर बिना प्रदूषण विभाग की अनुमति के अवैध भट्टियां चलाई जा रही हैं। इन भट्टियों से निकलने वाला जहरीला धुआं पूरे इलाके में फैल रहा है, जिससे लोगों को सांस लेना दुश्वार और अन्य बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। आरोप है कि मुनव्वर हुसैन शाह और सद्दाम हुसैन शाह बड़े पैमाने पर खतरनाक केमिकल का व्यापार करते हैं और इन केमिकल को सुरक्षित तरीके से नष्ट करने के बजाय पास के तालाब और कई नदियां जैसे (रेती बंदर) में फेंका जाता है, जिससे जल प्रदूषण बढ़ रहा है। हाल ही में टैंकर पकड़ने का मामला सामने आया है। 21




फरवरी की रात रेती बंदर इलाके में कथित रूप से अवैध केमिकल से भरा एक टैंकर कांग्रेस के कुछ पदाधिकारियों द्वारा पकड़ा गया था। इसके बाद 22 फरवरी को मुंब्रा पुलिस स्टेशन ने टैंकर को जब्त कर ड्राइवर और सद्दाम हुसैन शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। हालांकि आरोप है कि मुख्य आरोपी की गिरतारी अब तक नहीं हुई। हाल ही में जब कुछ पत्रकार सूचना के आधार पर मौके पर पहुंचे, तो एक गोदाम में बड़ी मात्रा में खतरनाक केमिकल पाए गए। बताया जाता है कि जैसे ही पत्रकारों ने अपने कैमरे में वीडियो रिकॉर्डिंग शुरू की, आरोपी सद्दाम हुसैन शाह अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचा और कथित तौर पर धमकाने लगा। स्थिति बिगड़ने पर पत्रकारों ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी, जिसके बाद डायघर पुलिस स्टेशन की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कारवाही शुरू कर दी। आरोप है कि आरोपी ने दावा किया कि उसे पुलिस और वन विभाग के कुछ अधिकारी जैसे गोटे घर वन संरक्षर अधिकारि संदीप सीताराम मोरे का संरक्षण प्राप्त है और नियमित "हता" दिया जाता है, हालांकि, इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। आगे की कार्रवाई पर नजर स्थानीय लोगों और पत्रकारों का कहना है कि पुलिस को इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। अब यह देखना बाकी है कि मुंब्रा पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर पर क्या प्रगति होती है,और क्या इस कथित केमिकल माफिया नेटवर्क का पूरा खुलासा हो पाएगा।

# चेतक प्रतियोगिता में यूपी, बिहार के घुड़सवारों ने लिया भाग

न्यूज वाणी ब्यूरो

सेवराई। तहसील क्षेत्र के गहमर स्थित पूर्वांचल के सुप्रसिद्ध शक्तिपीठ मां कामाख्या धाम के मुख्य गेट के समीप सदियों पुरानी परंपरा का



निर्वहन करते हुए जमानिया विधायक ओम प्रकाश सिंह द्वारा चेतक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें यूपी बिहार सहित कई राज्यों से घुड़सवार अपने घोड़े के साथ प्रतियोगिता में भाग लिए थे। जिसमें बक्सर बिहार के अजय सिंह का घोड़ा प्रथम स्थान पर रहा। रोमांचक मुकाबले की शुरुआत पूर्व पर्यटन मंत्री एवं विधायक ओम प्रकाश सिंह के प्रतिनिधि मन्नू सिंह एवं मुख्य अतिथि अशफाक खान द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर और हरी झंडी दिखाकर की गई। चार राउंड हुए इस दौड़ में बक्सर बिहार प्रांत के अजय सिंह का घोड़ा पहले स्थान पर रहा। वहीं मुगलसराय चंदौली जनपद के संतोष पाठक का घोड़ा दूसरे स्थान पर जबकि तीसरे स्थान पर गाजीपुर जनपद के मोहम्मदाबाद निवासी महंगू यादव का का घोड़ा रहा। निर्णायक मंडल द्वारा बेस्ट घुड़सवार पुरस्कार के लिए दिलदारनगर क्षेत्र के भरवलिया निवासी दयाशंकर सिंह के घुड़सवार वीरेंद्र सिंह को चयनित किया गया। गहमर के मां कामाख्या धाम पर रामनवमी के दिन प्रत्येक वर्ष चेतक प्रतियोगिता का आयोजन होता है। इस चेतक प्रतियोगिता का आयोजन सपा के कद्दावर नेता पूर्व पर्यटन मंत्री व विधायक ओमप्रकाश सिंह द्वारा कराया जाता है। कई दशक से यह परंपरा चली आ रही है। चेतक प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जहां यूपी बिहार प्रांत सहित कई जनपदों के घुड़सवार अपने घोड़े के साथ आते हैं वही इस प्रतियोगिता को देखने के लिए क्षेत्र सहित दूरदराज से भी लोग हजारों की संख्या में आते हैं। रामनवमी के दिन हुए इस प्रतियोगिता में कुल 21 घुड़सवारो ने भाग लिया। जिसमें चार राउंड हुए दौड़ में 8 घुड़सवारो को फाइनल राउंड के लिए चयनित किया गया। फाइनल राउंड के मुकाबले में बक्सर बिहार के अजय सिंह के घोड़े ने सभी को पछाड़ते हुए विजेता का खिताब जीता। जमानिया विधायक एवं चेतक प्रतियोगिता के आयोजक ओम प्रकाश सिंह के प्रतिनिधि मन्नू सिंह एवं मुख्य अतिथियों ने सभी विजेता एवं उपविजेता को शील्ड व प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित पुरस्कृत किया। निर्णायक की भूमिका सुधीर सिंह, डॉ भोला, शिव शंकर राय, कलाम खान, संजय सिंह, पप्पू राय ने निभाई। व्यवस्थापक पिंटू बाबा रहे। इस मौके पर नसन खान, हरे राम सिंह, दुर्गा चौरसिया, अशोक सिंह, अनिल यादव आकाश सिंह कक्कू, सुनील सिंह, कामरान खान सहित हजारों लोग उपस्थित रहे।

# फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस की कार्रवाई, चार अभियुक्त गिरफ्तार

## – बीएनएसएस की धाराओं में की गई प्रभावी कार्यवाही

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपदीय पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए चार अभियुक्तों को गिरतार किया है। पुलिस द्वारा धारा 170, 135, 126 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई करते हुए गिरतार किए गए अभियुक्तों में अमित शुक्ला निवासी 17 ए फ्रेंड्स कॉलोनी, दिलीप कुमार निवासी बिचपुरी खेड़ा, सुमित निवासी शिवपुरी शाला तथा अरविंद उर्फ पीके निवासी ऊसरा अड्डा शामिल हैं। सभी अभियुक्त थाना फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र के रहने वाले हैं। पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को गिरतार किया गया। इस कार्रवाई को कानून व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पुलिस द्वारा लगातार अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जा रही है, जिससे जनपद में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुढ़ बनी हुई है।

# रामनवमी के दिन दिखा भाईचारा, धूमधाम मनाया ईद मिलन

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानौता, सहारनपुर। रामनवमी के दिन ईद मिलन का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया जिसमे आपसी प्रेम भाईचारे की खूबसूरत तस्वीर




सामने आई। गंगोह रोड स्थित हेल्पिंग ट्रस्ट व फोकस अल्ट्रासाउंड सेन्टर डॉ उसैद सिद्दीकी की और से ईद मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह राणा व चेयरमैन अफजाल खान असपा नेता एंव मौलाना ओसामा सिद्दीकी शामिल रहे। कार्यक्रम में एक दूसरे को गले लगकर रामनवमी व ईद की मुबारकबाद दी गई। ईद मिलन कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह राणा व चेयरमैन अफजाल खान असपा नेता एंव मौलाना ओसामा सिद्दीकी ने फोकस अल्ट्रासाउंड के कार्य की जमकर सरहाना की। उन्होंने एक आवाज में कहा कि वह हते में मात्र 150 रूपये में अल्ट्रासाउंड करते है जिससे कमीशनखोरी पर रोक लगने का काम होगा और ज्यादा से ज्यादा लोगो को इसका फायदा पहुंच रहा है। ईद मिलन जैसे कार्यक्रम से एक साथ बैठने का मौका मिलता है आपस की दूरी कम होती है और आपस में प्यार व भाईचारा बढ़ता है। हमारा भारत व क्षेत्र हमेशा से ही आपसी भाईचारे का प्रतीक रहा है जोकि अपने आप में बेमिसाल है। इस दौरान डॉ जियाउर्रहमान सिद्दीकी, रुस्तम राणा, आरिफ, आदित्य राणा, राधेश्याम, सऊद सिद्दीकी, बिलाल सिद्दीकी आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा के नामित सदस्यों का हुआ सम्मान समारोह

न्यूज वाणी ब्यूरो

शाहजहांपुर, मीरानपुर कटरा। लखनऊ दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे स्थित वीर एकलव्य फाउंडेशन के कार्यालय पर आयोजित सम्मान समारोह में भारतीय जनता पार्टी के नामित सदस्यों को प्रदेश अध्यक्ष राजेश कश्यप के द्वारा सम्मानित किया गया। कटरा नगर पंचायत के लिए नामित किये गए सदस्य रवि त्रिपाठी,




रामनिवास, फतेहगंज पूर्वी के नामित सदस्य अमरनाथ कश्यप, फरीदपुर के नामित सदस्य सुचिंद्र आर्य को माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महंत विनोद नाथ के द्वारा 19 अप्रैल को आयोजित होने वाले कश्यप महोत्सव के आमंत्रण पत्र (कार्ड) का विमोचन किया गया। तो वहीं कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने संगठन को मजबूती, सामाजिक एकता और जनसेवा के संकल्प को दोहराते हुए सभी कार्यकर्ताओं से आगामी कार्यक्रम को सफल बनाने का आवाहन किया है। कार्यक्रम में पधारे सभी गणमान्य व्यक्तियों का वीर एकलव्य फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कश्यप ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी राजीव कश्यप, ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ कश्यप, जिला उपाध्यक्ष रोहित सिंह, एड० सत्यपाल, जिला मंत्री अरुण यादव चौनू, जिला मंत्री व ब्लॉक प्रमुख सपना कश्यप, सोनपाल बाबा जी मीडिया प्रभारी शिवम कश्यप सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

न्यूज़ वाणी
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
राज्य सरकार व केंद सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु सूचीबद्ध
समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें
सूचना, मार्कशीट, सम्बन्ध विच्छेदन, खोया पाया, कोर्ट नोटिस, टेन्डर आदि
09451548620, 9451180488

# ई-रिक्शा की डिग्गी तोड़कर चोरी करने वाला शातिर गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र में ई–रिक्शा की डिग्गी का ताला तोड़कर नकदी चोरी करने वाले एक शातिर चोर को पुलिस ने गिरतार कर लिया है। उसके कब्जे से चोरी किए गए पूरे 6700 रुपये नगद भी बरामद किए गए हैं। मोनू साहू निवासी ग्राम तिलकापुर ने थाना खागा में तहरीर देकर बताया था कि 25 मार्च को नई बाजार कस्बा खागा में खड़े उसके ई–रिक्शा की डिग्गी का ताला तोड़कर 6700 रुपये चोरी कर लिए गए। इस मामले में थाना खागा पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी खागा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर पश्चिमी बाईपास अंडरपास के पास से अभियुक्त को धर दबोचा। गिरतार अभियुक्त की पहचान शोएब पुत्र शहीद कुरैशी निवासी मुसबापर पक्का तालाब, कस्बा व थाना खागा के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके पास से 500 रुपये के 13 नोट और 200 रुपये का एक नोट, कुल 6700 रुपये बरामद हुए। पूछताछ में अभियुक्त ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि उसने नयी बाजार स्थित गौतम ट्रेडर्स गली में खड़े ई–रिक्शा की डिग्गी का ताला तोड़कर रुपये चोरी किए थे। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में अतिरिक्त धाराएं भी बढ़ाई गई हैं। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया है। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक अनीश कुमार सिंह और आरक्षी बन्टी कुमार की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस के अनुसार गिरतार अभियुक्त के खिलाफ पहले से भी गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट से संबंधित मामला भी शामिल है।

# अलग-अलग सड़क हादसों में तीन घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के अलग–अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत हुए सड़क हादसों के दौरान तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार हथगाम थाना क्षेत्र के सिठौरा गांव निवासी रामचन्द्र का 28 वर्षीय पुत्र राहुल गुरूवार की शाम बाइक से खागा आ रहा था। तभी गौरा के समीप अनियंत्रित होकर बाइक गिर जाने से घायल हो गया। इसी प्रकार राधानगर थाना क्षेत्र के लक्ष्मणनपुर गांव निवासी रामू का 18 वर्षीय पुत्र श्यामू बाइक से रिश्तेदारी में जा रहा था। जब वह बिलन्दा के समीप पहुंचा तभी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया जिससे वह घायल हो गया। उधर असोथर थाना क्षेत्र के टीकर गांव निवासी रमेश का 15 वर्षीय पुत्र अमन शुक्रवार की दोपहर ई–रिक्शा में बैठकर थरियांव आ रहा था। जैसे ही ई–रिक्शा बहरामपुर ओवर ब्रिज के समीप पहुंचा तभी पीछे से आ रहे डंपर ने टक्कर मार दिया जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। सूचना पर सरकारी एंबुलेंस ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# नीलगाय से टकराकर बाइक सवार की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। खखरेरू थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम शिवपुरी डिग्री कालेज के समीप सड़क पार कर रही नीलगाय से टकराकर 24 वर्षीय बाइक सवार की घटनास्थल पर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार खखरेरू कस्बा के वार्ड नं0 2 गांधीनगर निवासी स्व0 प्यारेलाल का पुत्र मनीष कुमार बाइक से किसी काम से जा रहा था। जब वह शिवपुरी डिग्री कालेज के पास पहुंचा तभी अचानक निकल रही नीलगाय से टकरा गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# ट्रेन से कटकर युवक की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। खागा कोतवाली के सतनरैनी स्टेशन के समीप रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ जाने से 22 वर्षीय युवक की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार खागा कोतवाली के टेनी गांव निवासी रमेश का पुत्र योगेश कुमार अपने निजी काम से जा रहा था। जब वह सतनरैनी रेलवे स्टेशन के समीप लाइन पार करने लगा तभी ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# एसपी ने साप्ताहिक परेड का किया निरीक्षण

## – अधीनस्थों को दिए सख्त दिशा–निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद में कानून–व्यवस्था को और अधिक सु.ढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से शुक्रवार को पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने परेड की सलामी ली और पुलिस बल का निरीक्षण किया। परेड के दौरान जवानों द्वारा टोलीवार ड्रिल का प्रदर्शन किया गया। एसपी ने चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए जवानों को अनुशासन, एकरूपता और तत्परता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बेहतर प्रशिक्षण और अनुशासन ही पुलिस की कार्यक्षमता को मजबूत बनाता है। निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन स्थित आरटीसी बैरक, प्रशिक्षण कक्ष, कैंटीन, वर्दी स्टोर, आवासीय कॉलोनी तथा परिवहन शाखा का जायजा लिया। इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, यूपी–112 शाखा और पीआरवी वाहनों में लगे बॉडीवॉर्न कैमरों व अन्य आवश्यक उपकरणों की भी गहन जांच की। भोजनालय की व्यवस्थाओं और गार्द रजिस्टरों का भी निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। इस मौके पर प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे।




# रामनवमी पर जय श्रीराम की गूंज से गुजाएमान हुआ शहर

## - शोभा यात्रा में शामिल हुए हजारों रामभक्त, भगवामय रहा माहौल

## - धर्मध्वज एवं विधुत सजावट से जगमगाई सड़कें

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान राम के जन्मोत्सव पर सारे शहर के प्रमुख मार्गों में शोभा यात्रा निकालकर भक्तिगीत एवं संगीत की धुनों पर राम भक्तों ने झूम–झूमकर जयकारे लगाए। श्री महानंद रामलीला मैदान ज्वालागंज से निकाली गई शोभा यात्रा जीटी रोड, बाकरगंज, चौगलिया, चौक बाजार होते हुए कटरा अब्दुलगनी कोतवाली रोड मां शीतला मंदिर में समाप्त हुई। समापन पर शीतला मंदिर कमेटी के तत्वाधान में सामूहिक भोज एवं गीत, संगीत का रंगारंग कार्यक्रम कलाकारों ने प्रस्तुत किया। भजन कीर्तन में मद्मस्त भक्तगण सारी रात भक्तिरस में गोते लगाते रहे। इसी प्रकार शहर के रेलबाजार व लखनऊ बाईपास रोड इलाके से भी श्रीराम भक्तों ने शोभा यात्रा निकाली जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए चौक कोतवाली रोड स्थित शीतला मंदिर में जाकर समाप्त हुई। श्रीराम नवमी महोत्सव आयोजक समिति के तत्वाधान में सारे शहर को भगवा ध्वज से सजाकर राम भक्तों ने शहर के विभिन्न स्थानों से विशाल शोभा यात्राएं निकाली। चौक हनुमान मंदिर, पीलू तले चौराहा, मोटेश्वर महादेव मंदिर, रेल बाजार, चंदियाना, रस्तोगीगंज, आबूनगर, पटेलनगर, लखनऊ बाईपास मार्ग, पत्थरकटा चौराहा सहित विभिन्न स्थानों से भगवान श्रीराम की शोभा यात्रा निकाली गई। हजारों की तादाद में एकत्र नर–नारी रामलीला मैदान से गाजे बाजे के साथ निकलकर धर्म ध्वज लहराते हुए श्रीराम के जयकारे लगाए। डीजे, बैंड, ढोल ताशों की गड़गड़ाहट में नर नारियां एवं बच्चे थिरकते रहे। वहीं धर्म की रक्षा करने एवं अधर्म का नाश के प्रतीक के रूप में अस्त्र–शस्त्र से सुसज्जित रामभक्त तीर, तलवार, भाले, बरछी का प्रदर्शन कर धर्म मार्ग पर हर आहूति देने का संकल्प दोहराते रहे। बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद, दुर्गा वहिनी, अखिल भारत हिंदू महासभा सहित अन्य हिन्दूवादी संगठनों द्वारा शंख, घंटे, घड़ियाल की गूंज कर सारे शहर को श्रीराममय बनाये रहे। उधर नवयुवक संघ रेल बाजार की ओर से भी भव्य श्रीराम शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें पूर्व विधायक विक्रम सिंह, अध्यक्ष अंकित जायसवाल, महामंत्री आशू पटेल, उपाध्यक्ष पिन्टू पटेल, सानू सिंह, अतीश पासवान, दीपक जैन, सभासद सुनील कुमार गुप्ता, अनुराग सिंह, विनय सिंह, ज्ञाना पासवान, नारायण गुप्ता, विनायक गुप्ता, जेपी सिंह फौजी, दिनेश गुप्ता, सोल्डी गुप्ता आदि श्रद्धालु शामिल रहे। जुलूस में शामिल हजारों भक्तजनों की सुरक्षा में तैनात पुलिस एवं पीएसी बल अस्त्र शस्त्रों से लैस होकर व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त बनाये रहे। शोभा यात्रा के साथ पुलिस की दृष्टि से उप जिलाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक नगर, शहर कोतवाल के अलावा नगर पालिका परिषद के कर्मचारी व अधिकारी व्यवस्थाओं को देखते रहे।





# डीएम ने एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान का फीता काटकर किया शुभारंभ

## - 14 वां जन्मदिन मना चुकी बालिकाएं वैक्सीन लगवाने के लिए होंगी पात्र

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला महिला चिकित्सालय में एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान का जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह ने फीता काटकर शुभारम्भ किया। उन्होंने आम जनमानस से अपील किया कि सभी लोग अपनी बच्चियों को जो पात्र हैं ये वैक्सीन लगवाएं। उन्होंने बताया कि सर्वाइकल कैंसर एक गंभीर बीमारी है, जो कि महिलाओं में होती है। उक्त बीमारी से बचाव हेतु अपने परिवार की ऐसी बालिकायें जिन्होने अपना 14 वॉ जन्मदिन मना लिया है और 15 वॉं जन्मदिन नही मनाया है, पात्र होगीं। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा० सुरेश कुमार ने बताया कि नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत नई एचपीवी वैक्सीन का उद्घाटन 28 फरवरी को प्रधानमंत्री द्वारा अजमेर राजस्थान से किया जा चुका है। 14 वर्ष आयु की बालिकाएँ, जिन्होने 14 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं, परन्तु 15 वर्ष पूर्ण नही किये हैं। जो बालिकाएँ अभियान प्रारम्भ होने की तिथि से 90 दिनों के भीतर 15 वर्ष की होने वाली हैं, वे भी तीन माह के गहन एचपीपी टीकाकरण अभियान के दौरान पात्र होंगी। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी द्वारा लक्ष्य के सन्दर्भ में बताया गया कि उक्त अभियान हेतु कुल जनसंख्या 3144279 का 1 प्रतिशत 31443 बालिकाओं का लक्ष्य राज्य से प्राप्त हुआ है। अभियान हेतु 7920 डोज वैक्सीन प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज से प्राप्त हो गयी है। उक्त वैक्सीन की 400 डोज प्रति कोल्ड चेन प्वाइंट पर वितरित कर दी गयी है। एचपीवी वैक्सीन ह्यूमन पैपिलोमा वायरस के कारण होने वाले संक्रमण से बचाव के लिए दी जाने वाली एक टीका है। यह वैक्सीन गर्भाशय ग्रीवा, योनि, वल्वा, और गुदा के कैंसर के साथ–साथ जननांग मस्सों को रोकने में मदद करती है। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा० राजीव नयन गिरि, प्रधानाचार्य राजकीय मेडिकल कालेज, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला महिला चिकित्सालय, डा० इश्तियाक अहमद, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, आरसीएच, डा० सुरेश कुमार, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, डा० विमलेश कुमार, अर्बन नोडल अधिकारी एवं प्रतिरक्षण अनुभाग के समस्त अधिकारी/कर्मचारी, प्रतिनिधि यूनीसेफ, डब्लू०एच०ओ०, गावी–सीएसओ आदि उपस्थित रहे।



# समाजसेवियों के साथ जिला पत्रकार संघ अध्यक्ष का हुआ सम्मान

## - श्री गणेश शंकर विद्यार्थी मेमोरियल समिति ने किया सम्मान समारोह

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। श्री गणेश शंकर विद्यार्थी मेमोरियल समिति द्वारा सम्मान समारोह एवं विचार गोष्ठी का आयोजन नगर पंचायत हथगाम के सभागार में किया गया जिसमें कवि, साहित्यकार, पत्रकार, समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। पत्रकार शिरोमणि अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी की पुण्यतिथि के अवसर पर वक्ताओं ने देश की एकता, अखंडता, भाईचारे सदभाव के लिये बलिदान हुये विद्यार्थी जी के बताये हुये रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। श्री गणेश शंकर विद्यार्थी मेमोरियल समिति ने समाज की उन हस्थियों को सम्मानित किया जो किसी न किसी रूप में अपने आसपास समाजसेवा एवं हिंदू मुस्लिम एकता की मिशाल कायम रखते हुये अपने क्षेत्र में कार्य कर रहे है। कार्यक्रम की अध्यक्षत करते हुये चेयरमैन धीरेंद्र कुमार उर्फ मुन्ना बाबू ने सभी को बधाई देते हुये कहा कि आप सभी लोग अपने क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं वह एक सराहनीय कदम है। समति द्वारा सम्मानित होने वाले सदानन्द महाविद्यालय के प्राचार्य ईष्वर नारायण द्विवेदी, जनता इंटर कालेज छिवलहा के प्रधानाचार्य एसके मालवीय, चिकित्साधीक्षक डा0 अमित चौरसिया, जिला पत्रकार संघ रजि0 के अध्यक्ष एवं गंगा बचाओ सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र शरन सिंपल, श्याम सुंदर तिवारी, देव कुमार दीक्षित, कवि डा0 वारिश अंसारी, पत्रकार प्रभाकर पांडेय, पत्रकार सुरेंद्र पाठक, चौकी इंचार्ज छिवलहा उत्कर्ष मिश्रा, पत्रकार शहंशाह आबदी, अफजल हुसैन, व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेश गुप्ता, अवर अभियंता विद्युत मोहम्मद इम्तेयाज अहमद, पूर्व सभासद अंजनी किशोर बाजपेई, नारी सशक्तिकरण की प्रतीक नाजिया परवीन, फार्मासिस्ट शैलेंद्र श्रीवास्तव सहित सभी विभूतियों को अंग वस्त्र, प्रतीक चिन्ह के साथ माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सूत्रधार प्रेम दत्त पांडेय ने कहा कि विद्यार्थी जी देश बांटने वाले के खिलाफ थे एवं आपसी भाईचारे में विष्वास रखते थे। कार्यक्रम का संचालन कवि एवं शायर शिवशरण बंधु ने किया। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार रमेश प्रसाद गुप्ता, मनोज कुमार, पप्पू हाशिमी, देवेंद्र सोनी, मोहम्मद आजम, मुन्ना सिंह, राकेश साहू, अमन सोनी, श्याम सुंदर तिवारी आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# वाहन चोरी गिरोह का पर्दाफाश, तीन शातिर गिरफ्तार

## - बाइक के कटे पार्ट बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के थाना जहानाबाद पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने अंतर्जनपदीय वाहन चोरी करने वाले गिरोह के तीन शातिर चोरों को गिरतार करते हुए उनके कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल के कटे हुए पार्ट बरामद किए हैं।

ग्राम मोहम्मदपुर थाना गाजीपुर निवासी प्रदीप कुमार उर्फ कप्तान सिंह ने थाना जहानाबाद में तहरीर देकर बताया था कि 23/24 मार्च 2026 की मध्य रात्रि को अमौली रोड चौराहा स्थित देशी शराब की दुकान के सामने से उनकी काले रंग की पैशन प्रो यूपी–71वी/6236 मोटरसाइकिल अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई। इस संबंध में थाना जहानाबाद में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। एसपी के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना जहानाबाद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नहर कोठी खंडहर और ग्राम गोकुलपुर के पास छापेमारी कर तीन संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से बोरी में भरे मोटरसाइकिल के कटे हुए पार्ट बरामद हुए। गिरतार आरोपियों की पहचान अनुज उर्फ अन्नू विष्वकर्मा, अरुण रस्तोगी, मोहम्मद हाशिम के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि उन्होंने मिलकर उक्त मोटरसाइकिल चोरी की थी और पहचान छिपाने के लिए बाइक को काटकर उसके पार्ट अलग–अलग कर दिए। चेसिस नंबर मिटा दिया और नंबर प्लेट तोड़कर फेंक दी। बाद में इन पार्ट्स को बेचने के लिए हाशिम को बुलाया गया था, लेकिन पुलिस ने मौके पर ही तीनों को दबोच लिया। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में बीएनएस की विभिन्न धाराओं 317(2), 317(4), 317(5) व 238 की बढ़ोतरी की गई है। गिरतार अभियुक्तों को न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस के अनुसार, गिरतार अभियुक्तों में से अनुज विष्वकर्मा और मोहम्मद हाशिम के खिलाफ पहले से ही कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, जिससे इनके शातिर अपराधी होने की पुष्टि होती है। इस सफल कार्रवाई में उपनिरीक्षक नीरज कुमार, विकास कन्नौजिया, प्रवीण कुमार सहित पुलिस टीम के अन्य जवानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



# विहिप ने साधु संत समागम का किया आयोजन

## - भंडारे में लोगों ने पाया प्रसाद

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिंदकी, फतेहपुर। विश्व हिंदू परिषद द्वारा साधु संत समागम कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें आए हुए साधु तथा संतों ने सनातन धर्म को मजबूत करने, राष्ट्र प्रेम व राष्ट्र की रक्षा पर बल दिया है। कस्बे के कुंवरपुर रोड स्थित मां शारदा महाविद्यालय में शुक्रवार को विष्व हिंदू परिषद द्वारा भारतीय हिंदू नववर्ष एवं श्रीराम जन्मोत्सव के मौके पर साधु संत समागम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हवन पूजन उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। भंडारे का शुभारंभ कन्या भोज के साथ किया गया। इसके बाद साधु संतों को भोजन कराया गया इसके बाद लगातार भंडारा चला रहा जिसमें कई हजार लोगों ने प्रसाद पाया और धन्य हुए। साधु संत समागम कार्यक्रम में साधु संतों को सम्मानित भी किया गया। साधु संत समागम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डंडी आश्रम के रामास्वामी ने सनातन धर्म की मजबूती राष्ट्र रक्षा और सामाजिक एकता पर जोर दिया उन्होंने हिंदू एकता पर बल दिया तथा कुरीतियों को मिटाकर भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम संयोजक भाजपा के वरिष्ठ नेता मां शारदा महाविद्यालय कुमारपुर रोड बिंदकी के प्रबंधक अनिल गुप्ता चार्ली रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला धर्माचार्य संपर्क प्रमुख एसडी अवस्थी ने किया जबकि संचालन दीप्ति अवस्थी ने किया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष राजेश सिंह, बजरंग दल के नगर संयोजक विमलेश बाजपेई सहसंयोजक सजल शर्मा व अभय सोनी रहे। इसके अलावा कार्यक्रम में अशोक गुप्ता, श्रवण गुप्ता उर्फ गप्पू संचित गुप्ता सुनीता अग्निहोत्री वीरेंद्र गुप्ता राधेश्याम शुक्ल इंद्र नारायण तिवारी प्रभात पांडे उर्फ आशु पांडेय आदि रहे।



# छत से गिरी महिला की एक सप्ताह बाद मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र के विनोवा नगर में एक सप्ताह पूर्व छत से गिरी 34 वर्षीय महिला की हैलट से घर लाते समय रास्ते में मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिया। बताते चलें कि विनोवा नगर निवासी कप्तान गिहार की पत्नी रेनू देवी विगत 20 मार्च को छत में काम करते समय अचानक नीचे गिरकर घायल हो गई थी। परिजन उसे उपचार के लिए सदर अस्पताल लाए। जहां से उसे कानपुर के लिए रेफर कर दिया। गुरूवार की शाम परिजन हैलट से छुट्टी कराकर महिला को घर ला रहे थे। तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। उधर परिजनों ने इसकी जानकारी पुलिस को दे दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# इलाज के दौरान घायल वृद्ध की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। दो दिन पूर्व सड़क हादसे में घायल 75 वर्षीय वृद्ध की इलाज के दौरान जिला चिकित्सालय में मौत हो गई। पुलिस ने शव को विच्छेदन हेतु भेज दिया। बताते चलें कि हुसैनगंज थाना क्षेत्र के देवनगर निवासी स्व0 छुरहा का पुत्र दयाराम 25 मार्च की दोपहर साइकिल से खेत की ओर जा रहा था। तभी तेज रतार बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां बाद में परिजन अपनी मर्जी से लोधीगंज के समीप स्थित निजी हास्पिटल में इलाज करवा रहे थे। जिसकी गुरूवार की शाम मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# दहेज मुक्त शादी के बाद भी बहू का सितम

## - संपत्ति से बेदखल कर बुजुर्ग दंपति ने तोड़ा नाता

न्यूज वाणी ब्यूरो/बिन्दकी, फतेहपुर। तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम डीघ में रिश्तों के कत्ल और बुजुर्गों के उत्पीड़न का एक दहला देने वाला मामला सामने आया है। अपनी ही बहू के कथित दुर्व्यवहार और बेटे की बेरुखी से आजिज आकर एक वृद्ध माता–पिता ने बेहद कठोर कदम उठाया है। पीड़ित दंपति ने अपने बेटे और बहू को चल–अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए जिलाधिकारी से सुरक्षा की गुहार लगाई है। ग्राम डीघ निवासी सुरेश कुमार द्विवेदी और उनकी पत्नी गायत्री देवी आंगनबाड़ी सहायिका ने बताया कि उन्होंने अपने बड़े पुत्र दीपराज द्विवेदी का विवाह मार्च 2024 में बिना किसी दहेज के संपन्न कराया था। शादी के खर्च और बहू के जेवर बनवाने के लिए बुजुर्ग दंपति ने अपनी सीमित खेती पर बैंक से कर्ज लिया था, जिसका दो लाख का ऋण वे आज भी चुका रहे हैं। आरोप है कि विवाह के कुछ समय बाद ही बहू रागिनी ने ग्रामीण परिवेश में रहने से इनकार कर दिया और सास–ससुर के साथ गाली–गलौज व अभद्र व्यवहार शुरू कर दिया। पीड़ित पिता के अनुसार, विवाद बढ़ने पर बेटे–बहू को अलग कर दिया गया, जिसके बाद वे कानपुर में रहने लगे। आरोप है कि वहां से भी बहू ने बेटे के माध्यम से दबाव बनाया कि माता–पिता अपने हिस्से के गहने और खेती की जमीन उसके नाम कर दें। मांग पूरी न होने पर पूरे परिवार को दहेज व अन्य झूठे मुकदमों में फंसाकर बर्बाद करने की धमकी दी जा रही है। सुरेश कुमार ने सिसकते हुए बताया कि बहू के खौफ और लगातार हो रहे अपमान के कारण वे अपने मुख्य घर को छोड़कर दूसरे स्थान पर एक टीन शेड के नीचे रहने को मजबूर हैं। लगातार हो रहे मानसिक और शारीरिक शोषण से क्षुब्ध होकर सुरेश कुमार और उनकी पत्नी ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर स्पष्ट कर दिया है कि वे अब अपने पुत्र दीपराज और बहू रागिनी से किसी प्रकार का संबंध नहीं रखना चाहते। उन्होंने सार्वजनिक रूप से दोनों को अपनी समस्त चल–अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। दंपति ने प्रशासन से अपनी जान–माल की रक्षा सुनिश्चित करने और इस संबंध में आदेश पारित करने की मार्मिक अपील की है।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )